**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.| B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 156 लखनऊ, बुधवार 22 जनवरी 2025 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## आखिर इस वजह से ट्रंप के शपथ ग्रहण में नहीं गए पीएम मोदी

एजेंसी।

नई दिल्ली अमेरिका हो या फिर दुनिया का कोई भी देश सबको पता है कि भारत की ताकत क्या है, कद क्या है और अहमियत क्या है? विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे आगे बिठाकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बता दिया है कि आने वाले दिनों में भारत के साथ रिश्ते कैसे रहने वाले हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। लेकिन जिस वक्त डोनाल्ड ट्रंप शपथ ले रहे थे, ठीक उसी वक्त सब की नजर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर गई। जयशंकर की तस्वीर ने सभी को हैरान कर दिया है। जो लोग भारत में बैठकर भारत को ही कोसते रहते हैं। वो जयशंकर की तस्वीर को देखकर रो रहे हैं। कुछ कट्टरपंथी लोग मजे लेते हुए कह रहे थे कि डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी क्यों नहीं गए। ये तो आपको पता चल ही जाएंगे। लेकिन जयशंकर की मौजूदगी से वामपंथी गैंग को तगड़ा झटका लगा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन



ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे एक्सक्लूसिव सीट दी। एस जयशंकर को पहली पंक्ति में बिठाया गया वो भी उस सीट पर जो बिल्कुल डोनाल्ड ट्रंप के सामने थी। इससे बड़ा वीआईपी ट्रीटमेंट शायद किसी देश को नहीं मिला। सबसे हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका के ट्रीटी पार्टनर देश भी तीसरी और चौथी पंक्ति में बैठे थे। ये वो देश हैं जिनके साथ अमेरिका के बेहद गहरे संबंध हैं। लेकिन उन्हें भी पहली पंक्ति में नहीं बिठाया गया। अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों को तीसरी पंक्ति में जगह मिली। लेकिन एस जयशंकर सबसे आगे नजर आए। अमेरिका हो या फिर दुनिया का कोई भी देश सबको पता है कि भारत की ताकत क्या है, कद क्या है और अहमियत क्या है? विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे आगे बिठाकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बता दिया है कि आने वाले दिनों में भारत के साथ रिश्ते कैसे रहने वाले हैं। बहरहाल, अब आपको बताते हैं कि पीएम मोदी डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्यों नहीं गए। बीते कुछ दिनों से मीडिया में विमर्श का केंद्र ये रहा कि ट्रंप के शपथ में पीएम मोदी को क्यों नहीं बुलाया गया। इसमें कुछ वर्ग को राष्ट्र का इतना अपमान दिखा। मोदी–ट्रंप के रिश्ते जगजाहिर हैं। कहा जाने लगा कि ट्रंप के शपथग्रहण के लिए मोदी को नहीं बुलाया जा रहा है। ट्रंप मोदी से नाराज हैं। लेकिन आपको बता दें कि ये भारत की पॉलिसी रही है कि जब भी किसी देश में प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की शपथ होती है तो भारत सरकार प्रधानमंत्री के स्पेशल दूत को वहां भेजती है। नाइजीरिया के राष्ट्रपति पद की शपथ के वक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गए थे। मालदीव में जब मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो वहां केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू गए थे। ईरान में जब पेजेस्कियान ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो वहां नितिन गडकरी गए थे। 2024 में इंडोनेशिया और मैक्सिको के लिए विदेश राज्य मंत्री पवित्र मर्गेटा को भेजा गया था। ऐसे में पीएम मोदी का ना जाना भी एक पॉलिसी का हिस्सा ही है। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि फिर डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को न्यौता क्यों भेजा। इसका जवाब अमेरिका और चीन के लगातार बिगड़ते रिश्तों में है। अमेरिका और चीन में जो ट्रेड वॉर चल रही है उसे शांत करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप शी जिनपिंग से मिलना चाहते थे। लेकिन जिनपिंग ने आने से ही मना कर दिया।

## यूपी प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में भरे जाएंगे दस हजार पद, स्नातक के साथ बीएड होगा मान्यय समकक्ष शब्द हटा

संवाददाता

लखनऊ प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) व प्रवक्ता के लगभग 10 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियमावली 2024 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत इन पदों पर भर्ती के लिए योग्यता में से समकक्ष शब्द हटा दिया गया है।





माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सहायक अध्यापक व प्रवक्ता के पदों पर भर्ती की जाती है। इसमें सहायक अध्यापक के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता थी। इसी तरह प्रवक्ता पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता लिखी हुई थी। पिछले दिनों इससे जुड़े कई मामले न्यायालय में गए और समकक्ष योग्यता को लेकर चुनौती दी गई। इसकी वजह से माध्यमिक विद्यालयों में भर्ती काफी समय से प्रभावित थी।वहीं लोक सेवा आयोग ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर समकक्ष योग्यता को परिभाषित करने की मांग की थी। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा छठवें संशोधन नियमावली व उप्र विशेष अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा दूसरे संसोधन नियमावली 2024 के प्रख्यापन का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दे दी है। इस नियमावली संशोधन के अनुसार विवाद को देखते हुए विभाग ने इन दोनों पदों की योग्यता में से समकक्ष शब्द को हटाकर, संबंधित विषय में स्नातकध्परास्नातक व नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड की डिग्री तय कर दिया है। वहीं इस नियमावली में संशोधन के साथ ही लगभग 10 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। विभाग की ओर से जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए अब लोक सेवा आयोग को संशोधित अधियाचन भेजा जाएगा।

## आतिशी ने ईसी को लिखा पत्र, रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर लगाया गंभीर आरोप

एजेंसी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी से आप प्रत्याशी आतिशी ने मंगलवार को चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर रमेश बिधूड़ी के भतीजे और कालकाजी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत की। आतिशी ने आरोप लगाया कि वे आप कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डराया, धमकाया और जोर–जबरदस्ती की। कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी बदतमीजी की। आतिशी ने कहा कि चुनाव अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर इन गुंडों पर कार्यवाही की माँग की है। साथ ही कालकाजी विधान सभा क्षेत्र में पैरा–मिलिट्री फोर्स की तैनाती के लिए कहा है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने भी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि पुलिस के संरक्षण और सहयोग से बीजेपी वाले सरे आम दिल्ली के लोगों से




गुंडागर्दी कर रहे हैं और उन्हें धमकियाँ दे रहे हैं। ये सब कुछ अमित शाह जी के आदेश पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2015 और 2020 में बुरी तरह से हारी थी। इस बार भी बीजेपी बुरी तरह से हार रही है। तो अब अमित शाह जी दिल्ली वालों के खिलाफ गुंडागर्दी करवा रहे हैं। मैं अमित शाह जी से कहना चाहता हू कि दिल्ली सभ्य और शालीन लोगों का शहर है। दिल्ली वाले ऐसी गुंडागर्दी पसंद नहीं करते। पुलिस को इस्तेमाल करके लोगों को धमकाना और उनके खिलाफ गुंडागर्दी करना बहुत गलत है। आपका काम दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक करना है। यदि आप खुद ही गुंडागर्दी करवायेंगे, तो फिर दिल्ली को कौन सम्भालेगा? जब माँझी नाँव डुबोय तो उसे कौन बचाए विशेष रूप से, भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी सीट से उनकी प्रतिद्वंद्वी आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह वर्षों तक लोगों के लिए कुछ नहीं करने के बाद विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों पर षहिरनीष (हिरनी) की तरह घूम रही हैं। आप ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बीजेपी पर श्महिला विरोधी होने और अपमानजनक टिप्पणियां करनेश का आरोप लगाया था। अपनी बेबाक टिप्पणियों से अक्सर विवादों में रहने वाले बिधूड़ी को हाल ही में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर अपनी टिप्पणियों के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने खेद व्यक्त किया था।

## हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार, बेलगावी में बोलीं प्रियंका गांधी– राहुल से डरती है सरकार

एजेंसी।

दिल्ली एजेंसी। एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों–शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी, जिससे बिजली के बिल बढ़ाए जा सकें। आज देश का किसान संकटों से घिरा हुआ है, उसे हर चीज में ळैज भरनी पड़ती है। वो 1–1 लाख रुपए के कर्ज के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है। दूसरी तरफ मोदी सरकार उद्योगपतियों का 17 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर देती है। ये संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आज BJP सरकार हर ओर निजीकरण कर सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों को सौंप रही है। निजीकरण से आरक्षण खत्म हो जाता है। ठश्रच ने लेटरल एंट्री के जरिए भी आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की है। यही संविधान विरोधी नीतियां कही जाती हैं। इसीलिए जब हम कहते हैं कि ठश्रच संविधान को कमजोर कर रही है, तो उसका मतलब होता है, ये लोग आपको कमजोर कर रहे हैं और आपके जीवन में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति संविधान के खिलाफ है, जिसका असर आपके जीवन पर पड़ता है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। लेकिन अगर आप ठश्रच शासित प्रदेशों में जाएंगे तो वहां किसान बिजली बिल देखकर रोते हैं। उन्होंने कहा कि देश में लोगों के जीवन में संविधान से बड़ी कोई चीज नहीं



है। संविधान आपको अन्याय से बचाता है। संविधान न्याय, शिक्षा, भोजन और आवाज उठाने का अधिकार देता है। संविधान ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का अधिकार देता है। हमारे पुलिसकर्मियों और सेना की रक्षा संविधान करता है, लेकिन आज ये लोग अपनी पुरानी पेंशन के लिए परेशान हैं, क्योंकि सरकार हर रोज संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि ये समझ लीजिए कि– संविधान ही आपको सुरक्षित रखेगा, इसलिए जो भी संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें पहचानिए। तय कर लीजिए कि हम संविधान, बाबा साहेब अंबेडकर जी और अपना अपमान नहीं सहेंगे। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी को सम्मान देने के लिये कांग्रेस ने जो किया ऐसा शायद दूसरा कोई नहीं कर सकता था। मुंबई से संविधान सभा में लाने के लिए कांग्रेस ने अपने सदस्य M-R- श्रंलांत का इस्तीफा कराया। खड़गे ने कहा कि गाँधी जी ने ही संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के लिए बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी के नाम का सुझाव दिया था।

## सबूतों से कर दी छेड़छाड़, ममता पर जमकर बरसे पीड़िता के पिता, कहा- अब आगे कुछ ना करें

एजेंसी।

कोलकाता पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल की सीएम की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा इसलिए मिली क्योंकि सीबीआई मामले में 'उचित सबूत' नहीं दे सकी। वह बहुत कुछ कह सकती हैं लेकिन उन्होंने केवल सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने इसके साथ छेड़छाड़ की थी। क्या वह शुरू से यह सब नहीं देख सकती थी? हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर चुनौती याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और अस्पताल में संजय रॉय द्वारा बलात्कार और हत्या की शिकार एक प्रशिक्षु डॉक्टर के पिता ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की है। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सियालदह अदालत के आजीवन कारावास के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। सरकार संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग को लेकर हाई कोर्ट चली गई है। पीड़िता के पिता ने कहा कि हमें कल ऑर्डर की कॉपी मिल जाएगी, हम उसे देखेंगे और फिर तय करेंगे कि हमें क्या करना है। उन्हें (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) जल्दबाजी में कुछ भी नहीं करना है। श्मुख्यमंत्री ने आज तक जो कुछ भी किया है, उन्हें आगे नहीं करना चाहिए। पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल की सीएम की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा इसलिए मिली क्योंकि सीबीआई मामले में श्उचित सबूतश नहीं दे सकी। वह बहुत कुछ कह सकती हैं लेकिन उन्होंने केवल सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने इसके साथ छेड़छाड़ की थी। क्या वह शुरू से यह सब नहीं देख सकती थी? हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर चुनौती याचिका को स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सियालदह अदालत के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार कलकत्ता उच्च न्यायालय चली गई।

महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए खंडपीठ न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक का रुख किया। मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी गयी है।

## राजौरी में रहस्यमयी मौत से उठेगा पर्दा? अब तक 17 लोगों की गई जान, उमर अब्दुल्ला ने भी किया गांव का दौरा

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रहस्यमय मौतों के कारण उत्पन्न स्थिति का आकलन करने और प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए राजौरी के बधाल गांव का दौरा किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जिस दिन से हमें जानकारी मिली स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभाग इस तरह की घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने में जुट गए हैं। परीक्षण किए गए और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि उन मौतों का कारण कोई बैक्टीरिया या वायरस नहीं था। अब्दुल्ला ने कहा कि बाद में हमने पाया कि वे सभी मौतें तीन परिवारों में हुईं। लेकिन, हम अभी तक 17 मौतों के पीछे का कारण नहीं ढूंढ पाए हैं। चूंकि यह कोई बीमारी नहीं है, इसलिए पुलिस भी इसमें शामिल है और उन्होंने मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। केंद्र सरकार की टीम भी वहां है – और हम मिलकर इन सभी मौतों के पीछे का कारण जानने के लिए घटनाओं पर गौर करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उमर अब्दुल्ला नेशनल कांफ्रेंस के स्थानीय विधायक जावेद इकबाल चौधरी के राजौरी जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर पहाड़ी गांव पहुंचने के तुरंत बाद कब्रिस्तान गए और मृतकों के लिए 'फातिहा' पढ़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मोहम्मद असलम सहित शोक संतप्त




परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, जिन्होंने अपने छह बच्चों को खो दिया। उनके मामा और चाची ने पिछले सप्ताह उन्हें गोद लिया था। इस त्रासदी के बाद असलम और उनकी पत्नी अपने परिवार में एकमात्र जीवित बचे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सात दिसंबर से 19 जनवरी के बीच गांव में एक–दूसरे से जुड़े तीन परिवारों के सत्रह लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मुख्यमंत्री का दौरा ऐसे दिन हो रहा है जब एक उच्च स्तरीय अंतर–मंत्रालयी टीम मौतों के कारण का पता लगाने के लिए अपनी जांच के तहत गांव का दौरा कर रही है। इससे पहले, जम्मू–कश्मीर सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि जांच और नमूनों से स्पष्ट तौर पर संकेत मिला है कि मौतें बैक्टीरिया या वायरस की संचारी बीमारी के कारण नहीं हुई और इसका कोई जन स्वास्थ्य पहलू नहीं है।

## उत्तराखंड शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रचार खत्म, 23 जनवरी को डाले जाएंगे वोट

उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। पहाड़ी राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव 23 जनवरी को होंगे जबकि वोटों की गिनती 25 जनवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने आज चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राज्य भर में सार्वजनिक सभाओं और चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगाने के स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। राज्य भर में यूएलबी चुनावों में कुल 5404 उम्मीदवार, 11 नगर निगमों में मेयर पदों के लिए 72 उम्मीदवार, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों सहित 83 नगर निकायों के अध्यक्ष पद के लिए 445 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य भर में स्थानीय निकायों के वार्ड पार्षदों और वार्ड सदस्यों के पद के लिए 4888 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 100 शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न पदों के लिए चुनाव होंगे। चुनाव प्रचार थमने के साथ ही उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए घर–घर जाकर प्रचार कर सकते हैं। यूएलबी चुनाव में करीब 30,29,000 मतदाता वोट डालेंगे. राज्य के विभिन्न हिस्सों में 1515 मतदान केंद्र और 3394 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं. ।

# लखनऊ पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर बरामद की सौर ऊर्जा बैटरी

लखनऊ (आरएनएस ) के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने घर में घुसकर सौर ऊर्जा बैटरी और अन्य सामान चोरी करने वाले शातिर चोर सूरज मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के पास से ल्यूमिनस सोलर ट्यूबलर कंपनी की दो सौर ऊर्जा बैटरियां बरामद की गई हैं।शिकायतकर्ता पूनम, जो मातनटोला कस्बे की निवासी हैं, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 19 जनवरी 2025 की रात को अभियुक्त सूरज मिश्रा, जो उनके घर के पास ही रहता है, छत के माध्यम से उनके घर में घुसा और घर में रखे दो पंखे, एक व्हील चेयर, एक चारपाई और दो सौर ऊर्जा बैटरियां चोरी कर ले गया।अभियुक्त की पहचान के बाद जब पूनम ने उससे चोरी को लेकर सवाल किया, तो उसने गाली–गलौज करते हुए उनके और उनके पुत्र के साथ मारपीट पर आमादा होकर धमकी दी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने 21 जनवरी 2025 की रात को अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी किया गया बाकी सामान उसने राह चलते कबाड़ी को बेच दिया है।अभियुक्त सूरज मिश्रा पहले से कई आपराधिक मामलों में संलिप्त है। उसके खिलाफ गोसाईगंज और अन्य थानों में चोरी, लूट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं।इस गिरफ्तारी में पुलिस टीम के उपनिरीक्षक राजकुमार, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक शुभम प्रताप सिंह और विक्रांत सिंह, कांस्टेबल विकास कुमार और ललित पवार ने अहम भूमिका निभाई।

गोसाईगंज पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती का एक और उदाहरण सामने आया है।

# लखनऊ पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस ) पुलिस कमिश्नरेट के काकोरी थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त राजेश पाल को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के आधार पर की गई।अभियुक्त राजेश पाल, जो ग्राम बेलगढ़ा, थाना मलिहाबाद, जनपद लखनऊ का निवासी है, पर धारा 498ए, 307, 323 भारतीय दंड संहिता और 1द्2 दहेज निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। वाद संख्या 290द2017 से संबंधित इस मामले में अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था।पुलिस ने 21 जनवरी 2025 को ग्राम बेलगढ़ा में छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान उसे न्यायालय द्वारा जारी अधिपत्र के प्रावधानों से अवगत कराया गया। इसके बाद नियमानुसार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।गिरफ्तारी में काकोरी थाने के उपनिरीक्षक नव्व राजकुमार और कांस्टेबल रोहित यादव की अहम भूमिका रही। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।लखनऊ पुलिस ने इस सफलता के साथ एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने के लिए वह पूरी तरह तत्पर है।

# सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि आज



लखनऊ, 21 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक एवं भावी पीढ़ी के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि पर श्रद्धान्जलि सभा का आयोजित कल 22 जनवरी, बुधवार को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस, मुख्य सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश अपरान्हः 1.30 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में डा. जगदीश गाँधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण कर उनकी चिर–स्मृतियों व प्रेरक व्यक्तित्व को जन–जन के लिए समर्पित करेंगे एवं श्वेत कबूतरों को उड़ाकर एकता व शान्ति का पैगाम चहुँओर प्रवाहित करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अवसर पर सी.एम.एस. के हजारों शिक्षकों, अभिभावकों व कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक शामिल होकर पवित्र आत्मा को श्रद्धान्जलि अर्पित करेंगे। श्रद्धान्जलि सभा में डा. जगदीश गाँधी के जीवन पर आधारित पुस्तक 'शिक्षा से विश्व शान्ति – डा. जगदीश गाँधी' का लोकार्पण भी किया जायेगा।

श्री खन्ना ने बताया कि डा. गाँधी का जीवन एक असाधारण जीवन रहा है। उनका सदैव यही मानना था कि 'हर बच्चा दुनिया का प्रकाश है' और उन्होंने शिक्षा के माध्यम से पूरे विश्व में एकता व शांति स्थापना में अभूतपूर्व प्रयास किये और भावी पीढ़ी को समाज व विश्व का आदर्श विश्व नागरिक बनाने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। के मूल्य स्थापित करने के लिए अथक प्रयास किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आध्यात्मिक विकास और मानवता की सेवा के उनके सिद्धांत समस्त जनमानस के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज ने वक्फ (संशोधन) विधेयक–2024 पर जताई गहरी चिंता, जेपीसी अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। 21 जनवरी 2025। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने आज संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लखनऊ आगमन पर अध्यक्ष माननीय जगदंबिका पाल जी को वक्फ (संशोधन) विधेयक–2024 पर अपनी गहरी चिंताओं और सुझावों से संबंधित एक ज्ञापन दिया है।




ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड की स्थापना का मूल उद्देश्य पसमांदा तबके के लोगों, यतीम बच्चों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए किया गया था। लेकिन वर्तमान में वक्फ संपत्तियों का उपयोग इन जरूरतमंद वर्गों के हित में नहीं हो रहा है। वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली और प्रबंधक इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं।

पसमांदा समाज की मुख्य मांगें:–

1– वक्फ संपत्तियों का उपयोग जरूरतमंदों के लिएरू

ज्ञापन में यह मांग की गई कि वक्फ संपत्तियों का मुख्य उपयोग पसमांदा समाज, यतीम बच्चों, विधवाओं और गरीबों के हितों के लिए सुनिश्चित किया जाए।

2– कानूनी कार्रवाई का प्रावधान–

वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग करने वाले मुतवल्लियों और वक्फ बोर्डों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।

3– उपयोगकर्ता द्वारा वक्फश की सुरक्षा–

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ष्उपयोगकर्ता द्वारा वक्फष की संपत्ति जैसे प्रावधान से मस्जिदों, कब्रिस्तानों और दरगाहों जैसी ऐतिहासिक संपत्तियों के अस्तित्व पर खतरा पैदा होगा।

4– द्वंद्व से बचने के लिए जिला कलेक्टरों का हस्तक्षेप रोकनारू

वक्फ संपत्तियों की स्थिति तय करने का अधिकार जिला कलेक्टरों को देने से हितों का टकराव बढ़ेगा और अतिक्रमणकारियों को लाभ होगा।

5– पारदर्शिता सुनिश्चित करना–

वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और गैर–मुस्लिमों की भागीदारी के प्रावधान को हटाया जाए, ताकि मुस्लिम समुदाय अपनी धार्मिक और धर्मार्थ संपत्तियों का स्वतंत्र प्रबंधन कर सके।

6– पसमांदा समुदाय के हित सर्वोपरि–

विधेयक में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया जाए कि वक्फ संपत्तियों का प्राथमिक उपयोग पसमांदा समुदाय और समाज के गरीब वर्गों के लिए किया जाए।

अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक कल्याण है, लेकिन वर्तमान में यह उद्देश्य पूरी तरह भटक चुका है। उन्होंने समिति से आग्रह किया कि विधेयक में इन सभी चिंताओं को समाहित किया जाए ताकि वक्फ संपत्तियों का सही और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

इस मौके पर मंसूरी ने कहा, 'हमारा देश आर्थिक और सामाजिक समानता के सिद्धांतों पर आधारित है। वक्फ संपत्तियां गरीब और जरूरतमंद लोगों के अधिकार हैं, जिन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए।'

ज्ञापन के माध्यम से पसमांदा समाज ने वक्फ बोर्डों के मौजूदा कार्यप्रणाली और संपत्तियों के दुरुपयोग पर सख्त आपत्ति जताई और कहा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग केवल उनके असली उद्देश्य के लिए होना चाहिए।

जेपीसी अध्यक्ष माननीय जगदंबिका पाल ने ज्ञापन स्वीकारते हुए समाज की चिंताओं और सुझावों को ध्यान में रखने का आश्वासन दिया।

# लखनऊ पुलिस ने बकरा चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस ) के नगराम थाना क्षेत्र में बकरा चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन और चोरी से अर्जित घ्5,020 नकद बरामद किए गए हैं। 19 जनवरी 2025 को नगराम क्षेत्र में एक चार पहिया वाहन के जरिए बकरा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल वाहन संख्या न्द्ध32च्म0389 के स्वामी का पता ई–चालान एप से लगाया। वाहन स्वामी की पहचान सलमान अहमद, निवासी सिविल लाइन, नवाबगंज, बाराबंकी के रूप में हुई।नगराम पुलिस ने 20 जनवरी 2025 को सलमान अहमद को बाराबंकी के आसरा अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया। उनके साथ उनके साथी मोहम्मद जाकिर को पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए बताया कि बकरा बाराबंकी के सट्टी बाजार में बेच दिया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में सलमान अहमद का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, जबकि मोहम्मद जाकिर पहले से कई मामलों में संलिप्त है। जाकिर पर गैंगेस्टर एक्ट, चोरी और एससीध्एसटी एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नगराम थाने में मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। चोरी में प्रयुक्त वाहन और नकदी की बरामदगी के साथ इस कार्रवाई को सफल बनाया गया।गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक अनुज कुमार, हेड कांस्टेबल अंबिकेश तिवारी और कांस्टेबल सुनील कुमार राय की भूमिका रही। लखनऊ पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास का माहौल बना है।

## नगर निगम ने स्वच्छता अभियान को और तेज किया, महापौर ने अधिकारियों से किए सख्त सवाल

लखनऊ (आरएनएस ) शहर को कूड़ा मुक्त बनाने की मुहिम को और तेज करते हुए माननीय महापौर नव्व सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज कुमार, सभी जोनल अधिकारी, ँ८ और एसएफआई समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को 20 दिन में पूरे शहर में मेगा सफाई अभियान चलाने का आदेश दिया है।महापौर ने बैठक में शहर में फैले कूड़े को लेकर अखबारों में प्रकाशित खबरों का हवाला देते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि अगर शहर में सफाई हो रही है तो ये खबरें क्यों आ रही हैं। उन्होंने पिछले एक साल के अखबारों की कटिंग दिखाकर अधिकारियों से समीक्षा करने की बात कही और बताया कि वह नकारात्मक खबरों का आंकलन करके संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करेंगी।महापौर ने इस बात पर भी चिंता जताई कि कूड़ा उठाने के लिए वाहनों की संख्या में पांच गुना वृद्धि के बावजूद सफाई में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों और ँ८ को यह निर्देश दिया कि अगर उनके वार्ड में कहीं भी कूड़ा दिखाई देता है, तो उसे दो घंटे के अंदर निस्तारित किया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही महापौर ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए अधिकारियों को टारगेट दिया। उन्होंने कहा, ष्सफाई हमारी जिम्मेदारी है और इसे सुनिश्चित करना भी आपकी जिम्मेदारी है।ष महापौर ने अधिकारियों से कहा कि वे रोजाना डोर टू डोर कूड़ा उठाने, सड़कों पर झाड़ू लगाने और कूड़े को डम्पिंग स्टेशन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी खुद लें।महापौर ने सख्त चेतावनी दी कि जो भी अधिकारी लापरवाही करता पाया जाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हृदय रोगियों के लिए विश्वस्तरीय देखभाल

लखनऊ, (आरएनएस ) मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हृदय रोगियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। यहां एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ की अगुवाई में डॉक्टरों की एक टीम सभी हृदय संबंधी आपात स्थितियों के लिए तत्पर है और हर पल रोगियों को तत्काल देखभाल प्रदान करती है।कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक, डॉ. आर.के. सरन ने बताया कि हृदयाघात (हार्ट अटैक) तब होता है जब कोरोनरी धमनियों में थक्का बन जाता है, जिससे रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि तीव्र हृदयाघात के 50ः रोगी अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं, और ऐसे मामलों में तत्काल उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि मेदांता अस्पताल 24•7 उपलब्ध हृदय विशेषज्ञों के साथ हृदय रोगियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराता है। हर मिनट की देरी से हृदय को अधिक नुकसान हो सकता है। एंजियोप्लास्टी जैसी अत्याधुनिक प्रक्रियाएं मेदांता में रात के समय भी उपलब्ध हैं, जिससे मरीज की स्थिति जल्दी सुधारती है।डॉ. गौरांग मजूमदार, निदेशक कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी (सीवीटीएस) ने हृदय रोगों के सर्जिकल उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाल्व प्रतिस्थापन और बाईपास सर्जरी जैसे जटिल मामलों में भी मेदांता में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही, बीटिंग–हार्ट कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (ब्ठळ) और वाल्व प्रतिस्थापन सर्जरी जैसी प्रक्रियाओं का नियमित रूप से सफलतापूर्वक आयोजन किया जाता है।इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक, डॉ. पी.के. गोयल ने भी तीव्र हृदयाघात के दौरान ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मेदांता अस्पताल में 24•7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता के कारण ब्लॉकी हुई

# सी.एम.एस. छात्रा श्रुति को 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 21 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की छात्रा श्रुति सक्सेना को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। श्रुति ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।वर्ष 2024 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ायेंगे।



# नवागत कलेक्टर के फरमान से एसडीएमो में मची अफरा–तफरी

## आनन फानन में एसडीएम सदर को छोड़कर अन्य एसडीएमो ने तहसीलदारों के आवासों पर बिताई पूरी सर्द रात

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

जनपद में नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह ने अपने फरमानों से प्रशासनिक अधिकारियों में तो अफरा तफरी मचा दी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर उस फरमान के विपरीत आज भी मुख्यालय और तैनाती स्थलो पर निवास नही करते है लेकिन



जनपद के चार एसडीएमो की सर्द रात्रि की नीद उड़ा दी हैं।वही तहशील सदर के एसडीएम तो अपने मुख्यालय स्थित आवास पर निवास करते ही है वही उनको छोड़कर ग्रामीण अंचल की इन चार तहसीलों के एसडीएम के जिला मुख्यालय आवास का आवंटन निरस्त करने संबंधी आदेश की जानकारी लगते ही बीती रात उक्त एसडीएमो को तहसील मुख्यालय पर ही तहसीलदार के यहाँ रहकर सर्द रात गुजारनी पड़ी है।

चार्ज लेने के चंद घंटे बाद ही नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जिला मुख्यालय पर रात्रि बसेरा कर रहे जनपद के सभी एसडीएमो का आवास आवंटन निरस्त करने के आदेश दिए हैं। इस आदेश की भनक लगते ही जनपद की ग्रामीण अंचल के चारों एसडीएम के पैरों तले जमीन खिसक गई। गोवर्धन में एसडीएम नीलम श्रीवास्तव छाता एसडीएम श्वेता एसडीएम महावन आदेश कुमार और एसडीएम मांट जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन तैनात है।शासन की व्यवस्था के अनुसार तहसील मुख्यालय पर ही सभी एसडीएम को रात्रि में रहने के आदेश है लेकिन एसडीएम

तहसील के बजाय जिला मुख्यालय पर ही रह रहे है।ऐसे में सभी के आवास आवंटन निरस्त होने संबंधी आदेश की जानकारी लगते ही संबंधित एसडीएम बीती रात जिला मुख्यालय आवास नहीं गए। सभी ने तहसील मुख्यालय स्थित तहसीलदारों के आवास पर ही रात गुजारी है। कुछ ने तहसीलदार आवास के बजाए तहसील पर गैस्ट हाउस या अन्य विकल्प में सर्द रात्रि विश्राम के लिए अपनाए।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव किए गए पुरुस्कार से सम्मानित-जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

ग्राम पंचायतों के समग्र एवं समेकित विकास हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) ष्हमारी योजना हमारा विकासश की प्रक्रिया को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में वर्ष 2015–16 से लागू किया गया है। जनपद मथुरा में निम्नांकित ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतो में,समयबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए(ग्राम पंचायत विकास योजना) ळच्क्च कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2025–26 तैयार कर विभाग की ई– ग्राम स्वराज पोर्टल पर ससमय अपलोड किए जाने हेतू उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिव लवी बंसल, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– मथुरा,अंशु राठी, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– राया,कान्ता सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– गोवर्धन,हरेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– मथुरा,वीरेश शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड– मथुरा,वीरेन्द्रपाल, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– मथुरा,



मोहनश्याम, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– छाता,रामवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– गोवर्धन,गुपाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– मथुरा,

नीलम अग्रवाल, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– गोवर्धन,मेम्बर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– फरह,चोखेलाल उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड–नन्दगांव,राहुल कुमार,ग्रामपंचायत अधिकारी विकासखंड –मांट,गोपाल सिंह, ग्रामविकास अधिकारी,विकासखंड – मथुरा को जिला पंचायतराज अधिकारी श्रीमती किरन चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य

सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री श्याम सुंदर सारस्वत, अपर जिला परियोजना प्रबंधक श्री राजेश सोलंकी,जिला कंसल्टेंट श्री पवन,श्री शेखरकांत वर्मा,श्री मनोज कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे।

# दिल्ली जीत के लिए आप पार्टी ने किया हवन पूजन व हनुमान चालीसा का पाठ

सुल्तानपुर (आरएनएस )। सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति की अगुआई मे सुल्तानपुर के डाकखाना चौराहे के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दिल्ली विधानसभा में पार्टी की प्रचण्ड जीत की कामना के लिए हवन पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ कर जिले से पच्चीस सदस्यीय टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई । जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति ने बताया कि जिस तरह से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पिछले तीन बार से जनता के हित में बढ़िया काम करके दिखाया है ठीक उसी तरह चौथी बार भी जनता की सेवा के लिए फिर से सरकार बनाने का प्रभु से प्रार्थना किया गया । आज हम लोग इसी कामना को लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ और हवन पूजन करके दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। जिला महासचिव रामविलास तिवारी ने बताया कि 31 जनवरी तक जब तक चुनाव की मतगणना नहीं होगी तब तक सुल्तानपुर से कार्यकर्ता और जिम्मेदार लोग जाते रहेगे,इस मौके पर जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति, प्रदेश सचिव मोहम्मद अख्तर राइन,प्रदेश सचिव शहजादा शकील खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, पूर्व कोषाध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव,यूथ जिला अध्यक्ष शादाब अहमद, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वासिद अहमद,महासचिव रामविलास तिवारी, जितेंद्र तिवारी, जाकिर हुसैन,सुरेश गौतम विद्यावती आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला जायसवाल समाज के अध्यक्ष बने राकेश

सुल्तानपुर (आरएनएस )। नगर के गोल्डन प्लाजा बैंक्वेट हॉल दरियापुर पर जिला जायसवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे समाज के संरक्षक मण्डल के द्वारा सर्वसम्मति से गभड़िया निवासी राकेश जायसवाल(एडवोकेट)को जिला जायसवाल समाज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष बनाये जाने के उपरांत राकेश जायसवाल ने प्रथम अध्यक्षीय भाषण में कहा जायसवाल समाज के उत्थान के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे और समाज को नई दिशा प्रदान करने के लिए हर किसी से सहयोग की अपेक्षा की है और जल्द ही एक मजबूत जिला कार्यकारिणी गठित करने का आश्वासन देते हुए समाज के कर्मठशील और समाजसेवी व्यक्तियों को संगठन से जुड़ने का आह्वान किया है।संरक्षक मण्डल के रमेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, सत्यदेव जायसवाल, पुनीत जायसवाल ने राकेश जायसवाल को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की और आशा व्यक्त किया है आपके नेतृत्व में समाज और संगठन निरन्तर प्रगतिशील रहेगा और उन्नति करेगा। राकेश जायसवाल के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनूप जायसवाल, अनुराग आनंद,अंजनी जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, संतोष जायसवाल,शिशिर जायसवाल, अनुभव जायसवाल, अरुण जायसवाल(पत्रकार),विनय जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, संजय जायसवाल, मनोज जायसवाल, दिलीप जायसवाल,जितेंद्र जायसवाल(पूर्व प्रधान),रामनारायण जायसवाल,रामजी जायसवाल और अशर्फीलाल जायसवाल सहित समाज के तमाम स्वजातीय बन्धुओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लापता अधेड़ का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने अधेड़ का शव पानी से बाहर निकलवाया और उसकी पहचान में जुट गए। जहां अधेड़ के शव की पहचान जगदंबा प्रसाद कोरी पुत्र रामसनेही करी निवासी तेन्धा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेन्धा गांव निवासी जगदंबा प्रसाद कोरी बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गए थे और उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को ग्राम प्रधान राजू कनौजिया के साथ जगदंबा प्रसाद कोरी का बेटा कुमारगंज थाने पहुंचा था और अपने पिता के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। एक सप्ताह बाद मंगलवार को सुबह करीब 10:00 बजे ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ी लाश देखा और पुलिस को सूचना दी। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और अधेड़ का शव पानी से बाहर निकल गया और उसकी पहचान लापता हुए जगदंबा प्रसाद कोरी के रूप में हुई। पुलिस ने अधेड़ का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया कि अधेड़ की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते वह अपनी पत्नी से अलग भी रहता था। यही नहीं उसकी पत्नी उसे आए दिन मारती पीटती भी थी। वह पूरी तरह से अपनी पत्नी के कारनामों से परेशान हैरान था। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अधेड़ की मौत हत्या प्रतीत हो रही है। फिलहाल घटना की गहन छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण भी स्पष्ट हो सकेगा। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# अयोध्या की महिमा के अनुसार कराया गया यहां का विकास – जेपीएस राठौर

### -पूर्व विधायक खब्बू तिवारी का कई स्थानों पर हुआ स्वागत
### -पूर्व लल्लू सिंह व महापौर ने कई गावों में लगाई चौपाई

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। मिल्कीपुर विधान सभा में मंत्री जेपीएस राठौर, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह व पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कुमारगंज में जनचौपाल लगाया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मरूई गनेशपुर, मंझउवा, नरेन्द्राभादा, गोकुला, विशुनपंर, काली माई चौराहा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कदनपुर पूरे दत्ता तिवारी का पुरवा, जोरियम, बालरमउ में जनचौपाल लगा कर लोगों संवाद किया गया। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू का बारून बाजार ,सिहोरा मोड, इनायत नगर, गहनागन मंदिर के सामने, कुमारगंज बाजार में जोरदार स्वागत हुआ। बारून बाजार में खिहारन प्रधान अजीत मौर्य के नेतृत्व में फूल माला के साथ खब्बू तिवारी का स्वागत किया गया साथ ही इनायत नगर मिल्कीपुर में भी समर्थकों ने स्वागत किया। कुमारगंज जनचौपाल में मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार में डबल इंजन की सरकार में अयोध्या की महिमा, पौराणिता तथा अध्यात्मिकता के अनुसार यहां का विकास कराया गया है। एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 8 फरवरी को देश को भगवामय करने का संकल्प स्वंय जनता ने लिया है। पूर्व विधायक इंद्रप्रताप तिवारी ने कहा कि योजनाओं की श्रृखलाओं से सभी गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। पीएम मोदी और सीएम योगी के कार्यकाल में महिलाओं का उत्थान हुआ है, श्रमिकों का सम्मान हुआ है किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। युवाओं को नए अवसर मिले है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मरूई गनेशपुर की जनचौपाल में कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए है जिसकी चर्चा सैकड़ो सालों तक होती रहेगी। गरीबों को आवास मिला है। महिलाओं को सम्मान मिला। तीन तलाक पर कानून बना कर मुस्लिम महिलाओं का कल्याण किया गया है। कदनपुर पूरे दत्ता तिवारी का पुरवा की जनचौपाल महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि जनधन खाता, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, इज्जत घर, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं से जनकल्याण की श्रंखलाएं जनता को प्रदान की है। कुमारगंज जनचौपाल में अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, आलोक सिंह रोहित, राजमणि सिंह, जिपंस अशोक मिश्र, दिनेश वर्मा, फयाराम वर्मा, कृष्ण कुमार खन्नू, उदित सर्राफ, मुकेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय राना, कृपा शंकर मिश्र, भवानीफेर मिश्रा, विजय उपाध्याय, अजीत मौर्य जी, राम केवल मिश्रा, शत्रुघ्न पाण्डेय, कप्तान तिवारी, राकेश तिवारी, राहुल सिंह, उपेंद्र दूबे, शीतल बाजपेई, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की अर्जित अवकाश अद्यतन किए जाने की मांग

अयोध्या(आरएनएस )। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर अर्जित अवकाश अद्यतन न होने से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या ने नाराजगी जाहिर किया है।

जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कार्यभार ग्रहण तिथि से शिक्षक अनवरत सेवा दे रहा है। किसी विशेष परिस्थितियों में अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी लगाई गई है जिसको अर्जित अवकाश के रूप में सेवा पुस्तिका में अंकित होना चाहिए

,लेकिन ऐसा नहीं है। जिसके कारण भविष्य में शिक्षकों को उक्त अवकाश का लाभ लेने में कठिनाई होना स्वाभाविक है। अतः विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर छुट्टियों की जांच करवाकर अविलंब अद्यतन किया जाय । इसके साथ हीं पोर्टल पर इस प्रकार की छुट्टियों की नियमित निगरानी किया जाय। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के साथ कोषाध्यक्ष दंगल सिंह, देवेन्द्र गुप्ता, विनय पाण्डेय, हिमांशु त्रिपाठी , नवनीत यादव , भास्कर यादव , देवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा , राजकुमार वर्मा मोहित मौर्य आदि मौजूद थे।

# राजीव गांधी पार्क बना राजनीति का अखाड़ा

सुल्तानपुर (आरएनएस )। नगर के राजीव गांधी पार्क में स्वामी विवेकानंद सरस्वती की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर पुनर्निर्माण शुरू होने के बाद कांग्रेसी फिर मैदान में है। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी को पत्र लिखकर महान संत की प्रतिमा लगाये जाने को लेकर पूर्व में अधिकारियों द्वारा किए गए वादे के मुताबिक अन्यत्र सुरक्षित स्थान दिए जाने की मांग की है।कांग्रेसियों ने उक्त स्थल पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित किए जाने के पीछे सत्ताधारी दल की राजनीतिक मंसा होना बताया है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के अनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को हमवार करते हुए जिले के एकमात्र राजीव गांधी पार्क का नामोनिशान मिटाने की साजिश रची जा रही है। महान संत स्वामी विवेकानंद के बहाने भाजपा भारत विकास परिषद को आगे कर एक कुचक्र रचने में जुटी है। पूर्व मे निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तो कांग्रेसियों ने इसके खिलाफ आंदोलन किया था तत्कालीन जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने कार्य रूकवाकर नगर पालिका से अन्यत्र जमीन तलाशने के निर्देश दिए थे जिलाधिकारी के स्थानांतरण के तुरंत बाद एक बार फिर पालिका के जिम्मेदारों के इशारे पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है जिसको लेकर मंगलवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को मांग पत्र सौपा है।कांग्रेसियों ने विवेकानंद को महान संत बताते हुए उनके लिए शहर में अन्यत्र कहीं सुरक्षित स्थान देने की मांग की है। मांग पत्र देने वालों में जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ओमप्रकाश दूबे विकास मिश्रा अर्श खान लकी सिराज अहमद भोला पवन मिश्रा कटावा विकास मिश्रा अजय मिश्रा जेपी मिश्रा वरिष्ठ नेता अरशद पवार अतिउल्ला अंसारी इमरान अहमद नफीस फारूकी आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ मनाएगा दीपोत्सव, 2100 दीपों से जगमग होगा सीताकुंड धाम

सुल्तानपुर (आरएनएस )। विगत वर्ष 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर जनपद सुल्तानपुर में भी भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा, विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को भव्य रंगोली की सजावट के साथ सायंकाल 05रू00 बजे 2100 दीपों से दीपोत्सव मनाया जाएगा। मां गोमती के तट पर प्रभु श्री राम की आरती होगी तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा,उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए महामंत्री सचिन पांडे के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश पाठक,दाऊ जी,विकास शर्मा,आलोक तिवारी,राजेन्द्र शर्मा,सन्तोष कुमार तिवारी,विनीत मिश्रा, हरिराम, आशुतोष आदि लगे हुये हैं।

# अविरल कांत वर्मा को स्पेक्ट्रम एकाडमी ने किया सम्मानित

जयसिंहपुर सुलतानपुर (आरएनएस )। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में स्पेक्ट्रम एकाडमी मूंगर में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत अविरल कांत वर्मा ने राष्ट्र निर्माण में बाल साहित्य की भूमिका विषय पर हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था बीते दोनों। जनपद की इस बाल प्रतिभा को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा सम्मानित किया गया।विदित हो कि इस उदीयमान बाल सुमन ने निश्चित ही जनपद को बाल साहित्य के क्षेत्र में गौरवान्वित किया था अविरल कांत वर्मा को स्पेक्ट्रम एकाडमी ने उनको साहित्य के क्षेत्र मे सम्मानित किया हे।प्रधानाचार्य आर के सिंह, कृपा शंकर तिवारी, अमिता सिंह, सुरभि उपाधाया, आर के तिवारी, पंकज, अनुलव कांत वर्मा, साहित्य क्षेत्र में इस विशेष उपलब्धि पर अविरल कांत वर्मा को श्रेत्र के साहित्यकार, काव्यकार, कलमकार व सम्मानित शिक्षकगणों ने शुभकामनाओं सहित आशीष प्रदान किया।

# हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास का फेसबुक पर विवादित पोस्ट, सपा हुई आग बबूला

अयोध्या।(आरएनएस ) प्रयागराज महाकुंभ 2025 में जाने वाले श्रद्धालुओं को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्व मुलायम सिंह यादव की फोटो लगा कर सोशलमीडिया पर लिखा था कि कुंभ जा रहे हैं तो इस देश के पीडीए के भगवान के दर्शन जरूर करें। बताया जा रहा कि महंत राजू दास ने इस पोस्ट को शेयर करके आपत्तिजनक विवादित पोस्ट की है। सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सीओ सिटी को मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। जिसे मिल्कीपुर उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी मुद्दा बना सकती है।मंगलवार को दी तहरीर में समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष ने कहा है कि पद्म विभूषण भारत के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व मुलायम सिंह यादव पर सोशल मीडिया पर कथित साधु राजू दास की गई अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव एफआईआर के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को संबोधित तहरीर क्षेत्राधिकार नगर की मौजूदगी में दी है। साथ में महानगर सचिव हामीद जाफर मीसम व अधिवक्ता शावेज जाफरी भी रहे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि राजू दास द्वारा इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेगी। श्रद्धेय स्व. नेताजी का सम्मान समाजवादी पार्टी ही नहीं सभी पार्टी के लोग करते हैं। आज एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई है। यदि हनुमान गढी के कथित महंत राजुदास पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि राजू दास द्वारा इससे पहले भी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। समय समय पर फेसबुक पोस्ट से आपसी भाईचारा खराब करने की लगातार कोशिश करते रहते हैं। नेताजी पर टिपण्णी करके उन्होंने अपनी गंदी मानसिकता का परिचय दिया है। सपा महानगर अध्यक्ष, महासचिव ने चेतावनी दी है कि नेताजी के इस अपमान पर प्रशासन एफआईआर दर्ज नहीं करेगा तो समाजवादी लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। उम्मीद है कि पुलिस प्रशासन एफआईआर दर्ज करके इस तरह की मानसिकता के लोगों पर अंकुश लगाएगा। अधिकवक्ता शावेज जाफरी ने कहा कि अगर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। लेकिन उम्मीद है कि प्रशासन एफआईआर दर्ज करेगा।।इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, अधिवक्ता जिलाध्यक्ष शावेज जाफरी के अलावा जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, अखिलेश चतुर्वेदी, शाहबाज लकी, राकेश कुमार यादव एडवोकेट, गोविंद एडवोकेट, ओपी राव एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालु सुविधा केन्द्र पीएफसी लाकर सेवा, अंगद टीला का किया निरीक्षण

### –निर्माण कार्य में श्रमिकों की कमी अभी भी बरकरार, कार्यदायी संस्था को दिए गए निर्देश

अयोध्या।(आरएनएस ) श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन मंगलवार को भी बैठक की। जिसके बाद श्रद्धालु सुविधा केन्द्र (पीएफसी) , लॉकर सेवा तथा अंगद टीला एवं कुबेर टीला का निरीक्षण किया एलएनटी सभाकक्ष में सभी इंजीनियरों के साथ बैठक में मन्दिर के निर्माण कार्य में श्रमिकों की कमी अभी भी बरकरार होने की बात सामने आई है। बैठक में कार्यदायी संस्था एल–टी से कहा गया की श्रमिकों की संख्या बढ़ाया जाए। जो कार्य पूर्ण हुए हैं उन्हें 15 दिन के अंदर ट्रस्ट को सौंप दिया जाए। बैठक में राम मंदिर परिसर में 20 एकड़ जमीन पर वनस्पति सौंदर्य पार्क बनाने पर चर्चा हुई। मंदिर का भूतल प्रथम और द्वितीय तल के अंदर आइकोनोग्राफी का कार्य मार्च तक पूरा होने की जानकारी दी गई।

बैठक में हुई चर्चा के मुताबिक मार्च तक ही प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिष्ठा की जाएगी।द्वितीय तल के गर्भ गृह में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के रामायण जो आसानी से उपलब्ध नहीं होते उनका रखा जाएगा। मंदिर में लगे 370 पिलर पर जो मूर्तियां बनाई जा रही है उनका कार्य भी जल्द पूर्ण होने की उम्मीद जताई गई है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, फायर पोस्ट भवन व इलेक्ट्रिकल सर्विसेज भवन को 15 दिन के अंदर ट्रस्ट को हैंडओवर किए जाने की बात कही गई है। बताया गया कि अधिकतम कार्य सितंबर तक हो पूर्ण हो जाएंगे। यह जानकारी निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दी है। वहीं महाकुंभ के चलते अयोध्या में औसतन प्रति दिन दो लाख के ऊपर श्रद्धालु आ रहे है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से निर्माण कार्य में थोड़ी सी बाधा आ रही है। चेयरमैन ने कहा कि हमारी प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा की है। पहले हम उसको सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में जहां–जहां मौका मिल रहा है वहां निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ जगहों पर श्रद्धालुओं के हित में निर्माण कार्य रोकना पड़ा है। अनुमान है कि 4 फरवरी तक कार्य शुरू नहीं हो पाएगा। ऐसा अनुमान हमें पहले भी था कि निर्माण कार्य में करीब 15 दिनों तक कठिनाई आयेगी। राम जन्मभूमि परिसर के निर्माण का कार्य पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि भव्य राम मंदिर के शिखर निर्माण, परकोटा और उनमे बनने वाले छह मंदिर और 11 अन्य देवी देवता और ऋषि मुनियों के भी मंदिरों का निर्माण काम अंतिम चरण में चल रहा है।

## हर घर-हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की करें चर्चा-स्वतंत्र देव सिंह

अयोध्या(आरएनएस )। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मिल्कीपुर स्थित केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रबंधन समिति के विभाग प्रमुखों से चुनाव कार्यो में दिए दायित्व में प्रगति की रिर्पोट ली। उन्होंने कहा कि एक समान प्रकृति के व्यवस्थाओं के प्रमुख लगातार सम्पर्क में रहें। आपसी समन्वय बना कर चुनाव का प्रबंधन करें। चुनाव अभियान के तहत डोर टू डोर जा कर सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें। सम्मेलनों तथा बड़ी जनसभाओं के लिए पदाधिकारी सम्भावित स्थलों का निरीक्षण कर लें। सभी के लिए ऐसे स्थलों का चयन किया जाय जहां पार्किंग, अवागमन आदि सुविधा सरलता से प्राप्त हो। टोली बना कर घर–घर सम्पर्क अभियान तेज करें। हर घर – हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता बूथ के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क में रहें। उन्होने कहा कि हम सभी को बूथ विजय अभियान से विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ प्रबंधन होता है। बूथ की बैठक में इस बात की चर्चा करनी है कि प्रत्येक वोटर को मतदान दिवस से 3 दिन पूर्व तक पर्ची मिल जाए। हर बूथ पर अपने वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। बूथ पर निवास करने वाले लाभार्थियों से विशेष सम्पर्क बूथ की ग्रेडिंग के आधार पर कमजोर बूथों पर विशेष चर्चा करें। बैठक में मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चन्द्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, अवधेश पांडे बादल, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, कमला शंकर पांडे, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राघवेंद्र पांडे, अशोक कसौधन, जनार्दन मौर्य, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अभय सिंह, दिवाकर सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएचसी मिल्कीपुर में सो पीस बना हेल्थ एटीएम

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। मिल्कीपुर में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देने के लिए हेल्थ एटीएम यानी एक ऐसी मशीन जिसमें कुछ ही मिनटों में पूरे शरीर की जांच की जा सकती है, वो भी बिना कोई पैसे दिए लेकिन लापरवाही की वजह से यह मशीन महीनो से बंद पड़ी है, जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों के नियमित जांच नहीं हो पा रही, इस स्थिति में मरीजों को बाहर प्राइवेट पैथोलॉजी पर जांच करवाना पड़ रहा है। जब हेल्थ एटीएम समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लगा तो मरीजों में एक नई आस लगी थी कि अब आसानी से बिना शुल्क दिए पूरे शरीर की जांच हो सकती है। लेकिन जांच तो दूर ये मशीन सिर्फ शो पीस बनी हुई है और धूल फांक रही है सरकार ने भले ही लाखों रुपए खर्च करके मरीज को सुविधा के लिए यह उपकरण लगवाया लेकिन प्रशासनिक लापरवाही की वजह से मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।इस मशीन में शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन शरीर का मोटापा, लिपिड प्रोफाइल सहित तमाम प्रकार की अन्य जांच की जा सकती है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि यहां मशीन लगभग एक वर्ष पूर्व लगी थी , सिर्फ कुछ दिन ही चली है, और अब खराब स्थिति में है।जब इस संबंध में सीएससी अधीक्षक डॉ पंकज श्रीवास्तव बात की गई तो उन्होंने या कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि ,मशीन खराब होने की शिकायत कई बार लिखित रूप में तथा फोन से भी की गई लेकिन इंजीनियर अभी तक ठीक करने नहीं आया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर की कुष्ठरोगियों की सेवा

### –सेवा भारती एवं समर्पण ट्रस्ट का संयुक्त सेवा अभियान

अयोध्या(आरएनएस )। कुष्ठ रोगी भाई–बहनों को उनके निवास स्थान पर ही निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के अभियान के अंतर्गत आज समर्पण चल चिकित्साल्य सेवा दल ने अयोध्या पहुंचकर अभियान का चौथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर यहां स्थित कुष्ठ रोगी सेवा समिति आश्रम रामनगर , एवं पांचवां शिविर नयाघाट अयोध्या स्थित कुष्ठ आश्रम में आयोजित किया। रामनगर स्थित आश्रम में शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख केदारनाथ ने, व अयोध्या में बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण ने किया। इस अवसर पर सेवा भारती के महामंत्री प्रेमचंद्र पांडेय, विभाग सेवा प्रमुख बालेन्दु, महानगर सेवा प्रमुख रंजीत सिंह,सहसेवा एवं स्वास्थ्य आयाम प्रमुख होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी जी, सेवा भारती से डॉ सौरभ दीक्षित , डॉ आभा सिंह , विनोद, अनीता , रजनीश एवं धर्मेन्द्र उपस्थित रहे। शिविर में आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, आधुनिक तकनीक से विभिन्न प्रकार की खून की जाँच की गईं, एवं कुष्ठ रोगी भाई–बहनों के घावों की साफ–सफाई, मरहम–पट्टी के साथ –साथ अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यकतानुसार दवाएं–इंजेक्शन, महिलाओं को सैनेट्री एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी निःशुल्क वितरित किए गए। चिकित्सीय दल में प्रकल्प निदेशिका संतोष रानी के नेतृत्व में डॉ देव उत्कर्ष, संदीप कुमार, राखी कुमारी, लल्लन कुमार सम्मिलित रहे। स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया 11 दिवसीय यह सेवा अभियान 10 जनवरी को सीतापुर से प्रारंभ हुआ और 21 जनवरी को लखनऊ में पूर्ण होगा।

## स्वामी पागल दास महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर आयोजित संगीत समारोह

अयोध्या(आरएनएस )।मृदंग महर्षि डॉ. राम शंकर दास उपाख्य स्वामी पागल दास महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर स्वामी जी द्वारा संस्थापित – हनुमत विश्व कला संगीत आश्रम में भव्य और दिव्य संगीत समारोह का आयोजन किया गया। संगीत समारोह का शुभारंभ महन्त मिथिलेश नंदिनी शरण,म. अवध किशोर शरण एवं डॉ संदीप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन से किया। संगीत समारोह की प्रथम प्रस्तुति आश्रम के शिक्षार्थी कु. आर्या वैदिक,कु. नीतू , कु.दिव्या, तरुण, सौरभ,देव प्रकाश दुबे ने सरस्वती वंदना एवं गुरू वंदना से समारोह की शुरुआत की।तत्पश्चात संगीत जगत के युवा नक्षत्र द्वय उदय शंकर मिश्र तथा वैभव राम दास द्वारा मृदंग एवं तबला की युगल बन्दी ने आगत श्रोताओं का मन मोह लिया,आप दोनों के साथ बहुत ही सुगढ़ और लयात्मक सारंगी पर संगति अनीस मिश्रा की थी। संगीत समारोह की अंतिम प्रस्तुति के लिए संगीत समारोह के आकर्षण पद्मश्री पंडित उमा कांत गुन्देचा, अनंत गुन्देचा के युगल ध्रुवपद गायन ने संगीत समारोह को चार चांद लगा दिया। इन्होंने सर्व प्रथम राग बागेश्री में नोम – तोम आलाप चारी के बाद ताल चौताल में निबद्ध – आये रघुवीर धीर..... एवं गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित राग भैरवी में आये राम राऊ. ..... की प्रस्तुति से पूरे वातावरण को आह्लादित कर दिया।आपके साथ मृदंग पर बहुत ही उत्तम संगति पं. अखिलेश गुन्देचा एवं तानपुरा पर श्रीमती अरुणा गुन्देचा। उक्त संगीत समारोह में मुख्य अतिथि म. गिरीश पति त्रिपाठी महापौर, नगर निगम अयोध्या, विशिष्ट अतिथि चंपत राय , महासचिव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, म. मिथिलेश नंदिनी शरण सहित लक्ष्मण किलाधीश जी, उमेश सिंह,चन्द्रशेखर सिंह, आनन्द पाण्डेय, मिथिला बिहारी दास, मानवेन्द्र दास, अशोक वैदिक,विश्व प्रकाश, कुशलकुमार उपाध्याय,राजकुमार झा,देव प्रसाद पाण्डेय, दीपक मिश्र,एस. एन. बागी पत्रकार,अवनि कुमार शुक्ल,शिवम मिश्र, डॉ. आभाष मिश्र सु मधुर, अजय राम दास विष्णु दुबे,सजल कश्यप आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कु. कौशिकी झा ने बहुत ही सुंदर ढंग से किया।



# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान–पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है। दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी–विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरु करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा। सोशियोट्रॉपी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुखदर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रुप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नती देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मोके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरुरत के समय खड़े हो जाना जरुरतमंद के लिए संबल होता है। देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना–बाना से सब कुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति–पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा–दादी या नाना–नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने घामने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली है वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है। दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां–बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफेक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। हांलाकि पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी कि दादा–दादी या नाना–नानी का साथ जरुरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना–बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी ही रिश्तों की अहमियत को भूलती जा रही है। दादा–दादी या नाना–नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अडौस पडौस, मौहल्ले या शहर गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा। इतना अवश्य है कि आज की पीढ़ी के सामाजिकता

# सम्पादकीय

## भारत–बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है।बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है।

हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं।

स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है।शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया।यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है। बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक–फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।

## भयावह आग की चपेट में हालीवुड इलाका

आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाईवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजली अट्टालिकाओं की कतार दिखाई दे रही थी।श्री प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जाएगी। जिस तेजी से लॉस एंजेलिस का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गई एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है।

कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में छह जंगल आ चुके हैं, और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोडने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्य में बाधक बन रही है। चार लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है।शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों..एकड़ में फैल गई। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135–150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रु पयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पेरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं, और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी–मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं।उल्लेखनीय है कि लॉस एंजेलिस अमेरिका की सबसे ज्यादा आबादी वाली काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा, यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है।

यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजेलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज–संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज–व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह–जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है– संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक–आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। से महान बनेगा इसके लिए दुनिया का कौन सा देश भेंट चढ़ेगा, बड़ी–बड़ी बातें करने वाले ट्रंप का काम क्या भारत के बिना चलेगा?ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर–कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा



मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा–सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंधा बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

# आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी,

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें।

मिथुन राशि–
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई–नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। अपने माता–पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता–पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए।

मीन राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे।काम करते हैं,

# न निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली श्ब्लू वाटर नेवीय बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीयीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए श्गहरे समुद्रीय वातावरण में कार्य करने में सक्षम है।

नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी श्एकीकृत निर्माणय दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार पण्रालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है। स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। श्सूरतय जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रहमोस मिसाइलें लगी हुई हैं।

सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षो में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, उस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वसंक निर्माण परियोजना का समाधन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वसंक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत श्सूरतय में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जलयान रोधी मिसाइलों तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है।यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है। वाग्शीर कलवरी क्लास प्रोजेक्ट–75 के अंतर्गत छठी स्कार्पीन क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत एवं बहुमुखी डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

इसे एंटी सरफेस वारफेयर, एंटी सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाने, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियानों सहित अनेक तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। भारत की ब्लू वाटर नौसेना समुद्री मोच्रे पर शांति स्थापित करने में अपना अनवरत सक्रिय सहयोग देती रही है। वर्तमान भू–राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारतीय नौसेना को निरंतर सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। स्वदेशीकरण और नवाचार के प्रति भारतीय नौसेना का दृष्टिकोण सकारात्मक सिद्ध हो रहा है। युद्धक पोत श्नीलगिरिय, विध्वसंक पोत श्सूरतय और श्पनडुब्बी वाग्शीरय का संयुक्त कमीशन रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति का ही प्रतीक है। हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी के साथ नवीनीकरण हो रहा है।

# चीन का पाकिस्तान को एक दान, शहबाज मना रहे थे ग्वादर एयरपोर्ट के परिचालन का जश्न

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) पीके 503 विमान वाणिज्यिक यात्रियों और उच्च पदस्थ अधिकारियों को लेकर उद्घाटन के बाद नए हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली पहली वाणिज्यिक उड़ान थी। कराची से 45 मिनट की देरी से उड़ान भरने वाला विमान एक घंटे 10 मिनट की उड़ान के बाद उतरा।अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सदाबहार सहयोगी चीन द्वारा वित्त पोषित और निर्मित पाकिस्तान का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आधिकारिक तौर पर खोला गया। 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर की चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना (सीपीईसी) के तहत प्रांत में निर्मित ग्वादर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और ग्वादर गहरे समुद्री बंदरगाह को दोनों देशों द्वारा व्यापार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने शहबाज के इस दावे की पोल खोलकर रख दी। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि 23 करोड़ डॉलर की कीमत से बना यह एयरपोर्ट चीन का पाकिस्तान को एक श्दानश है।पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) पीके 503 विमान वाणिज्यिक यात्रियों और उच्च पदस्थ अधिकारियों को लेकर उद्घाटन के बाद नए हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली पहली वाणिज्यिक उड़ान थी। कराची से 45 मिनट की देरी से उड़ान भरने वाला विमान एक घंटे 10 मिनट की उड़ान के बाद उतरा। चीन और पाकिस्तान बंदरगाह शहर ग्वादर और इसके गहरे समुद्री बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को गलियारे के लिए कनेक्टिविटी के केंद्र और 21वीं सदी के सिल्क रूट के लिए एक अपरिहार्य




इंटरचेंज के रूप में देखते हैं। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हवाई अड्डे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और वैश्विक व्यापार और बुनियादी ढांचे के विकास में पाकिस्तान की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ग्वादर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया, इसे ग्वादर को मध्य और पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व और खाड़ी देशों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी में बदलने में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और व्यापक क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में हवाई अड्डे के संचालन पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और समृद्धि के लिए चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के दृष्टिकोण को साकार करने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

# तुर्किये के होटल में लगी आग, 10 लोगों की मौत, 32 घायल

होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने करीब 20 मेहमानों को होटल से बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया था।

उत्तर–पश्चिमी तुर्किये में एक स्की रिसॉर्ट के होटल में हुई भीषण आग की घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 32 घायल हो गए। बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3रू30 बजे आग लग गई। आग लगने



का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने सरकारी अनादोलु एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से कूदने के बाद हुई। निजी एनटीवी टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने करीब 20 मेहमानों को होटल से बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने स्टेशन को बताया कि मैं अपने कुछ छात्रों तक नहीं पहुंच सकता। मुझे आशा है कि वे ठीक हैं। टेलीविजन छवियों में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिखाई दे रही है। सरकार ने आग की जांच का नेतृत्व करने के लिए छह अभियोजकों को नियुक्त किया। एनटीवी टेलीविजन ने सुझाव दिया कि होटल के बाहरी हिस्से में शैलेट–शैली के डिजाइन में लकड़ी के आवरण के कारण आग फैलने में तेजी आई होगी।

# इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ का कहर, 16 लोगों की मौत

नीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटर्सासी ने कहा कि मूसलाधार बारिश के कारण नदियाँ अपने किनारों को तोड़ रही हैं, जिससे मध्य जावा प्रांत के पेकालोंगान रीजेंसी में नौ गाँवों में बाढ़ आ गई है, क्योंकि कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी बस्तियों में गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे अधिक प्रभावित पेटुंगक्रियोनो गांव से कम से कम 16 शव निकाले हैं और बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं। कैटर्सारी ने कहा कि दस घायल लोग भागने में सफल रहे और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने मध्य जावा में गांवों को तबाह करने वाली विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बाद कम से कम 16 शव



बरामद किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, मूसलाधार बारिश के कारण आई आपदा में नौ लोग लापता हो गए और अनगिनत अन्य विस्थापित हो गए। इस आपदा ने पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों को प्रभावित किया, जहां लगातार बारिश के कारण नदियों ने अपने तट तोड़ दिए। अधिकारियों के अनुसार, बढ़ते पानी के साथ कीचड़, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ पहाड़ी बस्तियों में बह गए, जिससे बड़े पैमाने पर विनाश हुआ।नीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटर्सासी ने कहा कि मूसलाधार बारिश के कारण नदियाँ अपने किनारों को तोड़ रही हैं, जिससे मध्य जावा प्रांत के पेकालोंगान रीजेंसी में नौ गाँवों में बाढ़ आ गई है, क्योंकि कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी बस्तियों में गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे अधिक प्रभावित पेटुंगक्रियोनो गांव से कम से कम 16 शव निकाले हैं और बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं। कैटर्सारी ने कहा कि दस घायल लोग भागने में सफल रहे और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।लगभग अक्टूबर से मार्च तक मौसमी बारिश इंडोनेशिया में अक्सर बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है, 17,000 द्वीपों का एक द्वीपसमूह जहां लाखों लोग पहाड़ी इलाकों में या उपजाऊ बाढ़ के मैदानों के पास रहते हैं। पिछले महीने, इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने 10 शव बरामद किए थे जो जावा द्वीप के पहाड़ी गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे या टनों मिट्टी और चट्टानों के नीचे दबे हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन, बाढ़ और तेज हवाओं ने 172 गाँवों को तबाह कर दिया और 3,000 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी आश्रयों में भागने के लिए मजबूर कर दिया।

# जिससे पीछे हटा अमेरिका, क्या होगा असर

ट्रम्प ने वापसी को उचित ठहराया है और दावा किया है कि यह समझौता संयुक्त राज्य अमेरिका पर अनुचित आर्थिक बोझ डालता है जबकि अन्य देशों को असंगत रूप से लाभ होता है। हालाँकि, पर्यावरण अधिवक्ताओं और विश्व नेताओं ने निराशा व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि अमेरिका के बाहर निकलने से समन्वित वैश्विक कार्रवाई कमजोर होगी और ग्रह की बढ़ती जलवायु चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति बाधित होगी। पेरिस समझौते से अलग होने की प्रक्रिया में एक वर्ष का समय लगता है।डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक बार फिर ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से हट जाएगा। ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल के उद्घाटन के दौरान इसकी घोषणा की। इसे जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है और यह अमेरिका को उसके प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से भी दूर करता है। यह ट्रम्प के 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान समझौते से हटने की भी प्रतिध्वनि है, एक ऐसा निर्णय जिसने जलवायु संकट को संबोधित करने में अमेरिका की भूमिका के बारे में व्यापक आलोचना और चिंताओं को जन्म दिया।

यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पेरिस जलवायु समझौते का उद्देश्य दीर्घकालिक ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व–औद्योगिक स्तर से 2.7 डिग्री फारेनहाइट (1.5 डिग्री सेल्सियस) तक सीमित करना है या ऐसा न करने पर, तापमान को कम से कम 3.6 डिग्री फारेनहाइट (2 डिग्री) से नीचे रखना है। 2015 का पेरिस समझौता स्वैच्छिक है और राष्ट्रों को कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस के जलने से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के अपने स्वयं के उत्सर्जन में कटौती करने के लिए लक्ष्य प्रदान करने की अनुमति देता है। समय के साथ उन लक्ष्यों के और अधिक सख्त होने की उम्मीद है, क्योंकि देशों को नई व्यक्तिगत योजनाओं के लिए फरवरी 2025 की समयसीमा का सामना करना पड़ेगा। निवर्तमान बिडेन प्रशासन ने पिछले महीने 2035 तक अमेरिकी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 60 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने की योजना की पेशकश की थी।ट्रम्प ने वापसी को उचित ठहराया है और दावा किया है कि यह समझौता संयुक्त राज्य अमेरिका पर अनुचित आर्थिक बोझ डालता है जबकि अन्य देशों को असंगत रूप से लाभ होता है। हालाँकि, पर्यावरण अधिवक्ताओं और विश्व नेताओं ने निराशा व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि अमेरिका के बाहर निकलने से समन्वित वैश्विक कार्रवाई कमजोर होगी और ग्रह की बढ़ती जलवायु चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति बाधित होगी। पेरिस समझौते से अलग होने की प्रक्रिया में एक वर्ष का समय लगता है। ट्रम्प की पिछली वापसी 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के अग ले दिन प्रभावी हुई, जिसमें वह जो बाइडेन से हार गए थे।


# तालिबान ने अफगानिस्तान में बंद दो अमेरिकियों को रिहा करने का ऐलान किया

तालिबान सरकार ने कैदियों की अदला–बदली में दो अमेरिकियों को रिहा करने की सूचना जारी की। काबुल में तालिबान के विदेश मंत्रालय ने दोनों के नाम नहीं बताए, लेकिन कहा कि उन्हें खान मोहम्मद नामक कैदी के बदले में छोड़ा गया है। मोहम्मद को दो दशक पहले पूर्वी अफगानिस्तान के प्रांत नांगरहार में गिरफ्तार किया गया था इस्लामाबाद । अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कैदियों की अदला–बदली में दो अमेरिकियों को रिहा करने की सूचना जारी की। काबुल में तालिबान के विदेश मंत्रालय ने दोनों के नाम नहीं बताए, लेकिन कहा कि उन्हें खान मोहम्मद नामक कैदी के बदले में छोड़ा गया है। मोहम्मद को दो दशक पहले पूर्वी अफगानिस्तान के प्रांत नांगरहार में गिरफ्तार किया गया था और वह कैलिफोर्निया की जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। मंत्रालय ने कहा कि यह अदला–बदली अमेरिका के साथ ''लंबे समय तक चली सकारात्मक बातचीत'' का परिणाम है और संवाद के माध्यम से समस्याओं को हल करने का यह एक अच्छा उदाहरण है। बयान में कहा गया, ''द इस्लामिक अमीरात, अमेरिका

द्वारा उठाए गए उन कदमों को सकारात्मक रूप से देखता है जो दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और विकास में मदद करते हैं।

# राष्ट्रपति पद से विदाई के बाद कैलिफोर्निया के लिए रवाना हुए Biden कहा 'लड़ाई नहीं छोड़ने वाले'

राष्ट्रपति पद से विदा होने वाले जो बाइडन अपने 50 साल से अधिक लंबे राजनीतिक जीवन को फिलहाल के लिए विराम देते हुए परिवार संग निजी जीवन व्यतीत करने के मकसद से सोमवार को कैलिफोर्निया के लिए रवाना हो गए। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि 'हम मैदान छोड़ने वाले नहीं हैं'।वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति पद से विदा होने वाले जो बाइडन अपने 50 साल से अधिक लंबे राजनीतिक जीवन को फिलहाल के लिए विराम देते हुए परिवार संग निजी जीवन व्यतीत करने के मकसद से सोमवार को कैलिफोर्निया के लिए रवाना हो गए। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि 'हम मैदान छोड़ने वाले नहीं हैं'। बाइडन ने अपने उत्तराधिकारी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस उद्घाटन भाषण के बाद काफी देर तक बात नहीं की, जिसमें उन्होंने अपने पूर्ववर्ती सरकार की ओर से लिए गए कई फैसलों को 'पूरी तरह से पलटने' का संकल्प लिया।दोपहर के करीब अंतिम घंटों में कार्यकारी शक्तियों के हस्तांतरण से पहले बाइडन ने ट्रंप का अभिवादन किया, जिन्हें उन्होंने चार साल पहले सत्ता से बाहर किया था। ट्रंप ने यह मानने से इंकार कर दिया था कि वह 2020 का चुनाव हार गए हैं और 2021 में बाइडन के शपथ ग्रहण के दौरान उन्हें इस प्रकार का सम्मान देने से परहेज किया था। कड़कड़ाती ठंड के बीच बाइडन और उनकी पत्नी जिल ने ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया की अगवानी की और उन्होंने व्हाइट हाउस में पारंपरिक शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अभिवादन किया। बाइडन ने ट्रंप से कहा, ''आपका स्वागत है।''इसके बाद दोनों एक लिमोसिन में सवार हुए और फिर ट्रंप ने अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। ट्रंप ने बाइडन प्रशासन के काम के बारे में कहा, ''हमारा हालिया चुनाव एक भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने के लिए जनादेश है।'' बाइडन आगे की पंक्ति में भावहीन बैठे थे और सब सुन रहे थे। जैसे ही ट्रम्प ने अपना संबोधन आरंभ किया, व्हाइट हाउस कर्मचारी काम पर लग गए। उन्होंने बाइडन के शेष बचे



सामान को हटाना शुरू कर दिया ताकि वे ट्रंप और उनके परिवार को अंदर ले जा सकें। प्रेस कार्यालयों की दीवारें, जो सुबह तक खाली थी, दोपहर होते–होते ट्रंप की ताजा तस्वीरों से सज गईं।संबोधन के बाद नए राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी बाइडन की तरफ गए और उनसे मिले, जो एक हेलीकॉप्टर से संयुक्त बेस एंड्रयूज जाने की तैयारी में थे ताकि वह कर्मचारियों के साथ विदाई कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकें। बाइडन ने कर्मचारियों से कहा, ''हमने जो भी किया... आपके बिना कुछ भी नहीं कर सकते थे।''उन्होंने कहा, ''कोई भी राष्ट्रपति उस क्षण को नहीं चुन सकता है जब इतिहास बनता है लेकिन उसे उस टीम को चुनने का मौका मिलता है जिसके साथ वह इतिहास बनाता है और हमने दुनिया की सबसे अच्छी टीम को चुना।'' बाइडन ने कर्मचारियों से संपर्क में बने रहने का आग्रह करते हुए कहा, ''हम कार्यालय छोड़ रहे हैं। हम लड़ाई नहीं छोड़ रहे हैं।'' वह ट्रंप के भाषण का मजाक उड़ाते हुए भी दिखे और हंसते हुए कहा, ''हमने आज शपथ ग्रहण में उनका भाषण सुना। हमें बहुत कुछ करना है।'' इसके बाद बाइडन ने 'क्रॉस' का चिह्न बनाया और फिर सभी हंस पड़े। तत्पश्चात बाइडन और उनकी पत्नी नीले और सफेद रंग के विमान में कैलिफोर्निया के सांता यनेज के लिए निकल पड़े, जहां उन्होंने परिवार के साथ आराम करने की योजना बनाई है।

# सबसे आगे बैठे नजर आए मोदी के जय, ट्रंप की शपथ में भारत की ताकत आप भी जरा देख लो!

सबसे आगे की श्रृंखला में भारत के विदेश मंत्री का मौजूद रहना भारत की ताकत को बता रहे हैं। आलस्वाडोर के राष्ट्रपति के ठीक बगल में बैठे भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर उस लाइन में मौजूद थे, जो लाइन राष्ट्रपतियों के लिए पहले से रखी गई थी। राष्ट्रपतियों के लिए पहले से तय की गई श्रृंखला में भारत के विदेश मंत्री की मौजूदगी भारत की ताकत को बता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह से यूं तो कई तस्वीर सामने आई। लेकिन भारत की ताकत की सबसे बेहतरीन तस्वीर आपको विदेश मंत्री एस जयशंकर को देखकर नजर आएगी। विदेश मंत्री जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से खास न्यौता भेजा गया था। भारत के विदेश मंत्री ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह की शोभा बढ़ाई। लेकिन जयशंकर के वहां पहुंचने के साथ ही जो तस्वीरें सामने आई वो अपने आप में बहुत खास थी। इन तस्वीरों में आपको विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर सबसे आगे वाली लाइन में नजर आएंगे। सबसे आगे की श्रृंखला में भारत के विदेश मंत्री का मौजूद रहना भारत की ताकत को बता रहे हैं। आलस्वाडोर के राष्ट्रपति के ठीक बगल में बैठे भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर उस लाइन में मौजूद थे, जो लाइन राष्ट्रपतियों के लिए पहले से रखी गई थी। राष्ट्रपतियों के लिए पहले से तय की गई श्रृंखला में भारत के विदेश मंत्री की मौजूदगी भारत की ताकत को बता रहा है। इसे भी पढ़ेंरू श्रंपेींदांत पद ।उमतपबंरू च्ड के विशेष दूत के रूप में शामिल हुए जयशंकर, लेकर आए ट्रंप के दोस्त मोदी की खास चिट्ठी बाकी देशों के विदेश मंत्री भारत के विदेश मंत्री के पीछे बैठे हैं। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर एक्स जयशंकर ने कहा कि आज वाशिंगटन डीसी में संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री और पीएम के विशेष दूत के रूप में प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला। सूत्रों ने कहा कि उपर्युक्त सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति के उद्घाटन समारोह में विदेश मंत्री की उपस्थिति राज्य और सरकार के प्रमुखों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए विशेष दूत भेजने की



भारत की सामान्य प्रथा के अनुरूप थी।अमेरिका को नया राष्ट्रपति मिल चुका है। डोनाल्ड ट्रंप अपने शपथग्रहण समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए अपने खास दोस्तों को आमंत्रित कर चुके थे। भारत, चीन समेत दुनियाभर के कई और देशों को न्यौता भेजा गया। कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी यहां पहुंचे। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया। जयशंकर वैसे तो शपथग्रहण समारोह के मेहमान थे। लेकिन मानो सारी लाइमलाइट मेहमानों के बीच से लेकर चले गए। प्रधानमंत्री मोदी के विशेष दूत के रूप में जब वो शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए तो अमेरिका के बड़े से बड़े नेता और मंत्री उनसे मिलने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। कई तस्वीर भी देखने को मिली। अमेरिका से तस्वीर सामने आई तो बहुत से लोगों को हैरानी हुई। तस्वीर देख लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था कि इस तस्वीर में विदेश मंत्री एस जयशंकर सबसे आगे वाली लाइन में बैठे हैं। जी हां, विदेश मंत्री जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में सबसे आगे थे। डोनाल्ड ट्रंप सामने पोडियम पर शपथ ले रहे थे और उनके ठीक सामने प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व करने पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर बैठे हुए थे।

# आश्रय स्थलों में रह रहे कई फलस्तीनी मलबे में बदल चुके घरों में लौटने के इच्छुक नहीं

फलस्तीनियों का कहना है कि वे युद्ध की वजह से विस्थापित होने के बाद अपने आश्रय स्थलों में रह रहे हैं जिनको छोड़कर गाजा के रफाह में अपने पुराने घरों के मलबे में लौटने की उनकी इच्छा नहीं है। हुसैन बरकत ने कहा कि हम युद्ध विराम के दौरान एक तंबू लगाने के लिए वापस आना चाहते थे।रफाह (गाजा पट्टी) । कई फलस्तीनियों का कहना है कि वे युद्ध की वजह से विस्थापित होने के बाद अपने आश्रय स्थलों में रह रहे हैं जिनको छोड़कर गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफाह में अपने पुराने घरों के मलबे में लौटने की उनकी इच्छा नहीं है। विस्थापित हुए हुसैन बरकत ने कहा, ''हम युद्ध विराम के दौरान एक तंबू लगाने के लिए वापस आना चाहते थे। जैसा कि आप देख सकते हैं, यह एक भुतहा शहर बन गया है। यहां पानी नहीं है। कुछ भी नहीं है। यहां तक कि कोई समतल जमीन भी नहीं है, जहां आप रह सकें।'' एसोसिएटेड प्रेस द्वारा शूट किए गए फुटेज में विस्थापित निवासी हाथों से मलबे में खुदाई करते नजर आ रहे हैं। यूसुफ अल–शरकावी ने अपने पांच बच्चों के लिए कपड़े निकालने के लिए अपने नष्ट हो चुके घर के खंडहरों को छान मारा। बच्चों में उनका नवजात शिशु भी है, जो रात में सर्दियों की ठंड से संघर्ष कर रहा है।रफाह के



एक अन्य विस्थापित मोहम्मद अल–बल्लास ने कहा कि पानी और बिजली सहित बुनियादी आवश्यकताओं के बिना रफाह में घर वापस लौटना मुश्किल होगा। ढही हुई इमारतों, मलबे के ढेर और नष्ट हो चुकी सड़कों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वे अभी अपने आश्रय स्थल में ही रहेंगे क्योंकि उनके पुराने ठिकाने के खंडहरों में तंबू लगाने के लिए भी जगह नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर आप यहां किसी जानवर को बांधने की कोशिश भी करेंगे तो वह भी जिंदा नहीं बचेगा।

# कुवैद की बैठक से पहले जयशंकर का ये कदम, उड़ जाएंगे चीन के होश!

ट्रंप भारत–अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। कहीं न कहीं क्वाड की होने वाली बैठक इस बात का सबूत भी है। ये बैठक रुबियो विदेश विभाग मुख्यालय पहुंचने के कुछ घंटों के अदंर हो सकती है। वहीं अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी डी वेंस ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग का अमेरिका में स्वागत किया। मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों नेताओं ने व्यापार संतुलन और क्षेत्रीय स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 19 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ मीटिंग की जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों और क्वाड से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल की पहल क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल है। तीन देशों के विदेश मंत्री अमेरिका में ही मौजूद हैं। मार्को रुबियो की इंटरनेशनल बैठक के संदर्भ में क्वाड मंत्री स्तरीय बैठक पहली प्राथमिकता होगी। जब उन्हें अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पुष्टि की जाएगी और वे विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेंगी। जो ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल द्वारा इस समूह को दिए गए महत्व को दर्शाता है।

# दो सप्ताह पहले ही मिलेंगे पीसीबी को कराची और लाहौर के स्टेडियम

नए सिरे से तैयार किए जा रहे कराची और लाहौर के स्टेडियम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से केवल दो सप्ताह पहले पांच फरवरी को मिल पाएंगे। चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इन दोनों स्टेडियम को पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान जांचा परखा जाएगा।

कराची । चौंपियंस ट्रॉफी के लिए नए सिरे से तैयार किए जा रहे कराची और लाहौर के स्टेडियम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से केवल दो सप्ताह पहले पांच फरवरी को मिल पाएंगे। चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इन दोनों स्टेडियम को पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान जांचा परखा जाएगा। चौंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि क्या यह स्टेडियम चौंपियंस ट्रॉफी तक पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और उनमें जोड़ी गई नई सुविधाओं की जांच परख करने के लिए पीसीबी के पास पर्याप्त समय होगा या नहीं।कराची के नेशनल स्टेडियम के महा प्रबंधक अरशद खान ने कहा कि नवीनीकरण का कार्य जनवरी के आखिर तक पूरा हो जाएगा और पांच फरवरी को इसे पीसीबी को सौंप दिया जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की भी यही स्थिति है। पीसीबी ने इन दोनों स्टेडियम और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 12 अरब पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं। कराची के नेशनल स्टेडियम में आमूलचूल बदलाव किए गए हैं। इसमें एक पांच मंजिला इमारत तैयार होने के करीब है। यह




इमारत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी।इसके भूतल पर आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक और डोपिंग रोधी इकाइयां, फिजियोथैरेपी के कमरे और मैच अधिकारियों के कमरे हैं जबकि अत्याधुनिक सुविधाओं वाले दो ड्रेसिंग रूम दूसरी मंजिल पर हैं। अरशद ने बताया कि कॉरपोरेट बॉक्स की संख्या भी बढ़ाई गई है और इनमें अब लगभग 1000 लोग बैठ सकते हैं। दर्शकों के लिए भी स्टेडियम में नई कुर्सियां लगाई गई हैं। सीटों की संख्या भी बढ़ा दी गई है तथा कुछ नए शौचालय भी तैयार किए गए हैं। अभ्यास के लिए बाहरी नेट पर दूधिया रोशनी की व्यवस्था भी की गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भी इसी तरह की सुविधाओं को जोड़ा गया है।

# बीबीसीसीआई की गाइडलाइन पर इंग्लैंड कप्तान जोस बटलर का बयान, कहा– परिवार के होने से क्रिकेट पर असर नहीं पड़ता

बीसीसीआई ने हाल ही में टीम इंडिया के खिलाड़ियों केपरिवार के दौरे पर रहने के समय को कम कर दिया। बोर्ड ने अपने अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए 16 जनवरी को 10 दिशानिर्देश जारी किए। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटर ने मंगलवार को कहा कि परिवार के आसपास होने से क्रिकेट पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसे मैनेज किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने हाल ही में टीम इंडिया के खिलाड़ियों केपरिवार के दौरे पर रहने के समय को कम कर दिया। बोर्ड ने अपने अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए 16 जनवरी को 10 दिशानिर्देश जारी किए। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटर ने मंगलवार को कहा कि परिवार के आसपास होने से क्रिकेट



पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसे मैनेज किया जा सकता है। बटलर ने पहले टी20 से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, मुझे लगता है कि ये अहम है। हम आज के समय में जी रहे हैं जो एक बहुत ही आधुनिक दुनिया है और अपने साथ टूर पर परिवार को ले जाना बहुत बढ़िया है, इसका आनंद लेने की कोशिश करें। मुझे नहीं लगता कि इससे क्रिकेट पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है और ये कुछ ऐसा है जिसे बहुत आसानी से मैनेज किया जा सकता है। बीसीसीआई के दिशा–निर्देशों में एक पुरानी नीति को वापस लाया गया है, जिसके तहत खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा 14 दिन रहने की अनुमति होगी, बशर्ते कि उनका दौरा 45 दिनों से लंबा हो। हाल के सालों में विशेष रूप से कोविड की शुरुआत के बाद से खिलाड़ियों को अपने परिवार को दौरे की पूरी अवधि के लिए रहने की अनुमति दी गई थी। ये रिपोर्ट सामने आई थी कि कैसे कुछ खिलाड़ी अनौपचारिक टीम मीटिंग और योजना सत्रों के लिए उपलब्ध नहीं थे। इसके बजाय उन्होंने परिवार के साथ समय बिताना पसंद किया। साथ ही, बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों के लिए टीम बस का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया है। बीसीसीआई के दस्तावेज में कहा गया है कि, सभी खिलाड़ियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मैच और अभ्यास सत्रों के लिए टीम के साथ यात्रा करें। अनुशासन और टीम की एकजुटता बनाए रखने के लिए परिवारों के साथ अलग से यात्रा की व्यवस्था करने की नहीं करने की सलाह दी जाती है।

# इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका, जानें इंग्लैंड के खिलाफ कैसी होगी भारत की प्लेइंग इलेवन

वहीं इंग्लैंड ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है जबकि टीम इंडिया मुकाबले से पहले ही अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान करेगी। लेकिन उससे पहले बड़ा सवाल ये है कि किस खिलाड़ी को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा ।22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है जबकि टीम इंडिया मुकाबले से पहले ही अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान करेगी। लेकिन उससे पहले बड़ा सवाल ये है कि किस खिलाड़ी को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा और किसे बाहर बैठना पड़ेगा। बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने इस सीरीज के लिए 15 सदस्दीय टीम का ऐलान किया है लेकिन मौका केवल 11 को ही मिलेगा। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में सूर्युकमार यादव एक बार फिर




से कप्तानी करते हुए दिखेंगे। सीरीज के ज्यादातर युवाओं को मौका दिया गया है। जहां तक पहले टी20 मैच की प्लेइंग इलेवन में जगह ना पाने वाले खिलाड़ियों की बात है तो इसमें पहला नाम तो ध्रुव जुरेल का ही आता है। वे टीम में दूसरे विकेटकीपर के तौर पर चुने गए हैं। इससे पहले विकेट कीपर तो संजू सैमसन ही होंगे और उनका खेलना पक्का है। वहीं सीरीज के दो सलामी बल्लेबाज चुने गए हैं इसमें पहला नाम संजू सैमसन का है और दूसरा अभिषेक शर्मा हैं। तीसरा कोई विकल्प है ही नहीं। संजू सैमसन खेलेंगे तो कीपिंग की जिम्मेदारी भी वही निभाते हुए दिखेंगे। ऐसे में बतौर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल खेलेंगे, इसकी संभावना काफी कम है। वहीं अगर प्लेइंग इलेवन में जगह ना पाने वाले दूसरे खिलाड़ी की बात करें तो हर्षित राणा हो सकते हैं। वहीं टीम इंडिया दो गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। इसमें मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह के नाम सबसे पहले आते हैं। जहां एक ओर शमी की लंबे लंबे समय बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हो रही है। वहीं अर्शदीप सिंह भी चौंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने गए हैं, ऐसे में उन्हें अपनी रिदम पाने का बेहतर मौका होगा। तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका हार्दिक पंड्या निभा सकते हैं इसका मतलब है कि हर्षित राणा के लिए मौका नहीं बन पा रहा है। वहीं इसके अलावा दो और खिलाड़ी जो इस मैच की प्लेइंग इलेवन से बाहर रह सकते हैं, वे रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर हो सकते हैं। जहां तक टीम की प्लेइंग इलेवन की बात करें तो पूरी संभावना है कि स्पिनर के तौर पर पहली च्वाइस अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती होंगे। अक्षर पटेल तो इस सीरीज के लिए उपकप्तान चुने गए हैं तो उनका खेलना तो पक्का है। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने पिछले कुछ वक्त में कमाल का खेल दिखाया है। इसलिए उनका भी खेलना तय सा लग रहा है। तीसरे स्पिनर की जरुरत शायद नहीं पड़ेगी। अगर तीसरे स्पिनर के रूप में वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिलता है तो फिर नितीश कुमार रेड्डी को बाहर बैठना पड़ सकता है। इससे बल्लेबाजी थोड़ी सी कमजोर हो जाएगी। भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले कालीघाट मंदिर पहुंच गौतम गंभीर, हेड कोच ने दिया दान

भारत और इंग्लैंड के बीच सीमित ओवरों की सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टी20 मैच बुधवार को कोलकाता के ईध्डन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता में कालीघाट मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने दान में पैसे भी दिए। काली माता का कालीघाट मंदिर काफी मशहूर है। बुधवार 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच सीमित ओवरों की सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टी20 मैच बुधवार को कोलकाता के ईध्डन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता में कालीघाट मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने दान में पैसे भी दिए। काली माता का कालीघाट मंदिर काफी मशहूर है। पीटीआई द्वारा शेयर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि कोच गंभीर कुछ देर प्रार्थना करते हैं। इसके बाद मंदिर के पुजारियों द्वारा उन्हें चुन्नी ओढ़ाई जाती है। वहीं दर्शन के बाद गंभीर पीछे मुड़ते हैं जहां दानपात्र रखा है। वह नोट निकालकर दानपात्र में डालते हैं। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1–3 से हार झेलने के बाद भारतीय टीम का फोकस अब व्हाइट–बॉल क्रिकेट की ओर शिफ्ट हो गया है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज का आखिरी मैच 12 फरवरी को





होगा। उसके बाद भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी चौंपियंस ट्रफी 2025 में खेलना है जिसकी शुरुआत 19 फरवरी से होगी। बता दें कि, गौतम गंभीर जब से टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं तब से ही टीम इंडिया का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। टीम इंडिया एक के बाद एक करके सभी सीरीज हार रही है। पहले श्रीलंका, न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बीजीटी में भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ गौतम गंभीर की ये अग्निपरीक्षा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा था कि, अगर टीम इंडिया चौंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो मुख्य कोच की स्थिति भी खराब होगी। उनका अनुबंध 2027 वर्ल्ड कप तक है लेकिन समीक्षा जारी रहेगी।

# भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान, 4 पेसर्स को मिला मौका

बुधवार 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज में कुल 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। इसका पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है।भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज बुधवार 22 जनवरी से होने जा रहा है। इस सीरीज में कुल 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। इसका पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है।




इस प्लेइंग इलेवन में इंग्लिश टीम ने 4 तेज गेंदबाजों को मौका दिया है।कप्तान जोस बटलर की जगह फिल सॉल्ट को विकेटकीपिंग दी गई है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पहली ही बता दिया कि कोलकाता में खेले जाने वाले पहले टी20 मैच में बटलर विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। प्लेइंग–11 के सामने आने के बाद ये साफ हो गया कि बटलर की जगह फिल सॉल्ट विकेटकीपिंग की भूमिका में नजर आएंगे। फिल साल्ट विकेटकीपिंग के अलावा बेन डकेट के साथ की शुरुआत करेंगे। वहीं कप्तान जोस बटलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। गस एटकिन्सन और जेमी ओवरटन के अलावा तेज गेदंबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। लियाम लिविंगस्टोन के रुप में धाकड़ ऑलराउंडर को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया है। इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार हैबेन डकेट, फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), लियाम लिविंगस्टोन,

# Mandhana एक स्थान के सुधार के साथ आईसीसी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची

स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है।दुबई । भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरुआती दो , मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है।रैंकिग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (773 अंक) शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वें स्थान पर हैं जबकि चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वें स्थान पर हैं। दीप्ति शर्मा 344 रेटिंग अंकों के साथ हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर हैं।दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज मारिजेन कैप को हटाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इस तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

# खाना खाने के तुरंत बाद लग जाती है भूख ? जानिए ऐसा होने के कारण

कई बार ऐसा होता है कि भोजन करने के बाद भी पेट नहीं भरता और भूख लगती रहती है। ज्यादातर लोग ऐसा होने के कारण से अनजान हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से इन्हें जानना जरूरी है।

अगर आप संतुलित डाइट नहीं लेते या अधिक ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला खाना खाते हैं तो इसका तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।

आज के लेख में हम जानेंगे कि भोजन करने के बाद भी पेट न भरने के कारण क्या हैं।

संतुलित डाइट न लेना

पेट भरने के लिए संतुलित डाइट लेना बेहद जरूरी होता है, जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हों। हालांकि, जिन लोगों के खान–पान में प्रोटीन, फाइबर और स्वस्थ वसा कि कमी होती है, उन्हें बार–बार भूख महसूस हो सकती है।

भोजन की तृप्ति प्रदान करने की क्षमता उसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और फाइबर की मात्रा पर निर्भर करती है।

ये तत्व भूख वाले हार्मोन को नियंत्रित करते हैं और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं।

जल्दी–जल्दी भोजन करना

जल्दी–जल्दी खाना और भोजन को ठीक तरह से न चबाना भी तृप्ति की भावना पर असर डाल सकता है।

जब आप बहुत जल्दी–जल्दी खाते हैं, तो आप अपने दिमाग को यह महसूस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते कि आपका पेट भर गया है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि पेट दिमाग को यह संकेत भेजने में कम से कम 20 मिनट का समय लगाता है। इसके परिणामस्वरूप, आपको बार–बार भूख लग सकती है और आपका वजन बढ़ सकता है।तनाव का शिकार होना

कई लोग तनाव से निपटने के लिए स्ट्रेस ईटिंग करने लगते हैं। इसका मतलब होता है चिंता को दूर करने के लिए भूख से अधिक खाना।

ऐसा करने से कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि होने लगती है और तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है। एक अध्ययन में कहा गया है कि



ऐसे लोगों को भूख लगने पर नहीं, बल्कि भावनाओं के असंतुलित होने पर भोजन करने की इच्छा जगती है।अधिक जीआई वाल भोजन करनाकिसी भोजन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) आपके ब्लड शुगर के स्तर के प्रभाव से मापा जाता है। कार्ब्स या शर्करा से भरपूर भोजन ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से वृद्धि और उसके बाद गिरावट का कारण बन सकता है।यह भी बार–बार भूख लगने का एक कारण हो सकता है। ऐसे में आपको अधिक जीआई वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए और संतुलित डाइट लेनी चाहिए।डिहाइड्रेशन होनाकभी–कभी प्यास लगने पर भी लोग भोजन कर लेते हैं, क्योंकि वह प्यास और भूख के बीच का अंतर नहीं समझ पाते हैं। इसका मुख्य कारण होता है डिहाइड्रेशन या पानी की कमी।तो अगली बार जब आपको खाने के बाद भूख लगे तो एक गिलास पानी पिएं।

# त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है चकोतरा, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके

त्वचा की देखभाल करने के लिए महिलाएं महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, कई ऐसे फल भी होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखाने में योगदान देते हैं।

ऐसा ही एक फल है चकोतरा, जिसे ग्रेपफ्रूट भी कहा जाता है। इस फल में अच्छी मात्रा में विटामिन–ष्ट मौजूद होता है और यह त्वचा को हाइड्रेट करता है।

अगर आप त्वचा की देखभाल में इन तरीकों से चकोतरे को शामिल करेंगे, तो आपको बेदाग और चमकती हुई त्वचा मिलेगी।

चकोतरे और दही का स्क्रब

सामग्रीरू एक चम्मच सादी दही, एक चम्मच चीनी और एक बड़ा चकोतरा।

विधिरू चकोतरे और दही का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोतरे का ताजा जूस निकाल लें। अब एक कटोरे में यह जूस डालें और उसमें चीनी और दही मिलाएं।

इस स्क्रब को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

फायदेरू इसके जरिए आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और मृत त्वचा कोशिकाएं दूर होंगी।

चकोतरे और एलोवेरा का टोनर

सामग्रीरू एक बड़ा चकोतरा, एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आधा कप पानी।

विधिरू चकोतरे और एलोवेरा का टोनर बनाने के लिए चकोतरे का जूस निकाल लें। अब एक साफ स्प्रे बोतल लें और उसमें यह जूस डालें।

इसमें एलोवेरा जेल और पानी डालें और अच्छी तरह हिलाएं। अपने चेहरे को धोने के बाद इस टोनर का इस्तेमाल करें।

फायदेरू इस टोनर के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेट हो जाएगी और आपको जन से छुटकारा मिलेगा।चकोतरे और एवोकाडो का फेस पैकसामग्रीरू आधा एवोकाडो, एक छोटे आकार का चकोतरा और एक चम्मच जैतून का तेल।विधिरू इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो को मीस लें और चकोतरे का जूस निकाल लें।अब एक कटोरे में इन दोनों सामग्रियों को मिलाएं और जैतून का तेल भी शामिल करें। इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं, 15 से 20 मिनट तक सुखाएं और धो लें।

फायदेरू यह फेस पैक आपके चेहरे को निखार देगा और त्वचा



को मुलायम बनाएगा।चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब

सामग्रीरू आधा चकोतरा, 3 चम्मच अंगूर के बीज का तेल और 2 से 3 चम्मच चीनी।

विधिरू चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोरते का जूस निकालें। अब एक कटोरे में तीनों सामग्रियों को मिला लें। ध्यान रहे की चीनी पूरी तरह से घुल न जाए। इसे चेहरे पर लगाएं, हल्के हाथों से रगड़ें और पानी से धो लें।

फायदेरू इसके जरिए त्वचा एक्सफोलिएट होगी और गहराई से साफ हो जाएगी।

चकोतरे और खीरे का फेस पैकसामग्रीरू आधा चकोतरा और आधा खीरा।विधिरू चकोतरे और खीरे का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को छीलकर बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक ब्लेंडर में इन्हें

# कन्नप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक आउट, हाथ में त्रिशूल–माथे पर भस्म–नीलकंठ महादेव के रुद्र अवतार में नजर आए खिलाड़ी

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू



लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं।अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमरू शिवाय इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# छावा से सामने आईं विक्की कौशल की नई झलकियां, पानी, अग्नि, तूफान एक करेंगे अभिनेता, 22 को रिलीज होगा ट्रेलर

विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म के धांसू टीजर ने पहले ही फैंस के बीच फिल्म को देखने की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है और तभी से दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि आखिर ये कब तक रिलीज होगा. लेकिन विक्की कौशल ने दर्शकों का इंतजार खत्म करते हुए इसका जवाब दे दिया है उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. विक्की ने फिल्म से शानदार मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की है.विक्की कौशल ने अपनी फिल्म छावा का मोशन पोस्टर रिलीज किया है. शंभाजी महाराज के रूप में विक्की का लुक कमाल का लग रहा है. धांसू म्यूजिक बैकग्राउंड, खतरनाक लुक और तगड़े वीएफएक्स से सजे इस मोशन पोस्टर को देखकर विक्की कौशल की फिल्म देखने की उत्सुकता और बढ़ जाती है.विक्की कौशल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर छावा का नया पोस्टर और धांसू मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. विक्की ने कैप्शन लिखा, अग्नि भी वो, पानी भी वो, तूफान भी हो, शेर शिवा का छावा भी हो. छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होने जा रहा है. छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी. छावा के टीजर को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था. टीजर की शुरुआत एक रणभूमि से होती है. बैक ग्राउंड में एक दमदार डायलॉग के साथ छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल



की एंट्री होती है, जो दुश्मनों से युद्ध करते हुए नजर आते हैं. विक्की कौशल को इस अवतार में दर्शकों ने खूब पसंद किया और अब दर्शक उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा है. छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है.लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनी फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज के रोल में होंगे. रश्मिका मंदाना फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी येशुबाई भोंसले के रोल में होंगी. फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता और अक्षय खन्ना अहम रोल में नजर आएंगे.

# बाक्स आफिस पर तूफान बनी नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज, 8 दिनों में 150 करोड़ का आंकड़ा पार

बीते दिनों मकर संक्रांति के मौके पर कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. जिसमें गेम चेंजर और फतेह बेहद खास थीं,लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों ही फिल्मों का काफी बुरा हाल देखने को मिला. मकर सक्रांति के आसपास करीब 20 फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन इन सभी फिल्मों को एक फिल्म ने तगड़ी धूल चटाई है.जिसने सिर्फ 8 दिनों में 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म का नाम डाकू महाराज है. डाकू महाराज 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में 64 साल के नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके), बॉबी देओल और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं. रिलीज के बाद से डाकू महाराज हर दिन ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. एनबीके की इस फिल्म को न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में दर्शकों का प्यार मिल रहा है. डाकू महाराज के मेकर्स की ओर से शेयर किए गए आंकड़ों को मुताबिक सिर्फ आठ दिन में एनबीके की फिल्म ने 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है. यह फिल्म नंदमुरी बालकृष्ण की सबसे बड़ी ओपनर है और मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह एक्टर के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हो सकती है. चूंकि अगले दो हफ्तों तक कोई बड़ी रिलीज नहीं है, इसलिए डाकू महाराज के लगातार चलने की उम्मीद है. डाकू महाराज में बॉबी देओल खलनायक की भूमिका में हैं. श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल, उर्वशी रौतेला और चांदनी चौधरी सहित अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण के एक्शन को खूब पसंद किया जा रहा है. साउथ की इस



फिल्म से पहले पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी. हालांकि पुष्पा 2 अब भी शानदार कमाई कर रही है.

# पुष्पा 2 ने बाक्स आफिस पर 46वें दिन लगाई जमकर दहाड़, सातवें संडे भी करोड़ों में कमाई की

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को रिलीज हुए 46 दिन बीत चुके हैं और अब तक फिल्म में वो जोश बाकी है, जो हालिया रिलीज फिल्मों को टक्कर देने के लिए काफी है। सुकुमार निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 ने 46वें दिन भी धमाल मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसा लग रहा था कि हालिया रिलीज इमरजेंसी और आजाद की वजह से पुष्पा 2 का गेम खराब हो सकता है, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। दरअसल दोनों ही फिल्में सिनेमाघरों में दर्शकों पर जादू चला पाने में नाकाम रही और इसका फायदा यकीनन पुष्पा 2 को मिला है।यूं तो पुष्पा 2 ने शुरुआत से ही अपनी बम्पर कमाई का जलवा दिखाया है। ओपनिंग डे पर 164.25 करोड़ रुपये बम्पर कलेक्शन से हुई शुरुआत की। केवल 42वें और 43वें दिन के कलेक्शन को छोड़ दें तो फिल्म ने अब तक 1 करोड़ से ऊपर ही आंकड़ा रखा है। आइए जानते हैं सातवें शुक्रवार को फिल्म ने कितनी कमाई की है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने 46वें दिन 1.18 करोड़ की शानदार कमाई की है। इस फिल्म ने अब तक कुल मिलाकर 1227.93 करोड़ रुपये की कमाई कर देसी बॉक्स ऑफिस पर कर ली है। तेलुगू भाषा में बनी इस फिल्म के हिन्दी वर्जन में सबसे अधिक कमाई हुई है।वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने वर्ल्डवाइड अब तक 1734



करोड़ रुपये के आसपास की कमाई की है। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म को देश की दूसरी सबसे अधिक वर्ल्डवाइड कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 (1788.06 करोड़) तक पहुंचना अब भी मुश्किल साबित हो सकता है। फिल्म ने इंडिया में 1462.45 करोड़ से अधिक का ग्रॉस कलेक्शन किया है। वहीं विदेशों में इस फिल्म ने अब तक 271 करोड़ से अधिक की कमाई की है।बता दें कि पिछसे साल 5 दिसंबर 2024 को रिलीज ये फिल्म पुष्पा 2 साल 2021 में आई फिल्म पुष्पा की सीक्वल है। इस फिल्म में पुष्पराज और भी ज्यादा दबंग और खरनाक हो चुका है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, फहद फासिल, सुनील और जगपति बाबू ने अहम भूमिका निभाई है।

# स्वीट ड्रीम्स में महात्वाकांक्षी है मेरा किरदार मिथिला पालकर

अपकमिंग फिल्म स्वीट ड्रीम्स्च का ट्रेलर आउट हो चुका है। रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपने किरदार दीया के बारे में प्रशंसकों को बताया कि वह महत्वाकांक्षी है और सामान्य जीवन से कुछ अधिक पाने की चाह रखती है।

विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में तैयार श्स्वीट ड्रीम्स्च सपनों की दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है।



फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला पालकर ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिसे कई लोग आसानी से खुद के साथ जोड़ पाएंगे। वह थोड़ा उलझनों में रहती है और महत्वाकांक्षी है। वह कुछ पाने की चाह रखती है। केनी के साथ उसके सपने केवल रोमांस की वजह से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग एक भावनात्मक सफर की तरह थी और मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर दर्शकों को उस जादू की झलक देगा जिसे हमने बनाने की कोशिश की है।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने तीसरे दिन मचाया धमाल, आजाद का हाल बेहाल



बीते शुक्रवार कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी बड़े पर्दे पर आई थी। इसी दिन अजय देवगन की फिल्म आजाद ने भी सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया।

इमरजेंसी को जहां वीकेंड का फायदा मिला, वहीं आजाद पहले ही दिन टिकट खिड़की पर फेल हो गई थी। इस फिल्म को न तो अजय ये स्टारडम का फायदा मिला और ना ही राशा थडानी और अमन देवगन जैसे नए कलाकारों की चमक काम आई।

आइए दोनों फिल्मों की कमाई जान लेते हैं।

इमरजेंसी ने 2.5 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला था। दूसरे दिन इसने 3.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं अब रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक इमरजेंसी ने रिलीज के तीसरे 4.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और इसी के साथ भारत में फिल्म की तीन दिनों की कुल कमाई अब 10.45 करोड़ रुपये हो गई है।

इसका बजट 60 करोड़ रुपये के आसपास है।

बात करें इमरजेंसी में काम करने वाले कलाकारों की तो इसमें कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक जैसे कई कलाकार अहम भूमिका में दिखे हैं।

फिल्म का निर्देशन कंगना ने ही किया है। वह फिल्म की निर्माता और लेखक भी हैं।

इसमें कंगना के काम की काफी तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया पर ज्यादातर लोगों का यही कहना है कि यह कंगना का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी।

इसके बाद आई लव न्यू यॉर्क, कट्टी बट्टी, रंगून और सिमरन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं।

2019 में आई फिल्म मणिकर्णिका बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई। इसके बाद कंगना जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाईवी, धाकड़ और तेजस में दिखीं, लेकिन ये तमाम फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं।

आजाद से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भांजे अमन देवगन ने बॉलीवुड में कदम रखाा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधें मुंह गिरी है।

आजाद ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 1.85 करोड़ की कमाई की है।

यह फिल्म 80 करोड़ के मोटे बजट में बनी है। रविवार को फिल्म के कारोबार में थोड़ी तेजी तो

आई, लेकिन यह फिल्म अब तक 5 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है।

# फिल्म छावां के मेकर्स ने रिलीज किया रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक, नेटिजेंस हुए निराश

निर्माताओं ने महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का पहला लुक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में, रश्मिका सिर पर पल्लू, माथे पर बड़ी लाल बिंदी और नाक पर पारंपरिक मराठी नथ के साथ भारी आभूषणों से सजी हुई हैं। रश्मिका का लुक देखकर नेटिजेंस निराश हो गए हैं। एनिमल (2023) और पुष्पा 2रू द रूल (2024) जैसी ब्लॉकबस्टर हिट देने के बाद अब अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म छावा की रिलीज का इंतजार कर रही




है। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच, निर्माताओं ने फिल्म से रश्मिका का पहला लुक जारी कर दिया है। अभिनेत्री के इस लुक को लोगों की तरफ से मिले–जुले रिएक्शन मिल रहे हैं। निर्माताओं ने महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का पहला लुक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में, रश्मिका सिर पर पल्लू, माथे पर बड़ी लाल बिंदी और नाक पर पारंपरिक मराठी नथ के साथ भारी आभूषणों से सजी हुई हैं। रश्मिका का लुक देखकर नेटिजेंस निराश हो गए हैं। उनका मानना है कि अभिनेत्री को फिल्म में लेना एक अच्छा आईडिया नहीं था।एक असंतुष्ट सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, श्वे दिन गए जब वे भूमिका के लिए लुक टेस्ट करते थे। वह भूमिका के हिसाब से नहीं दिखती और मुझे कोई उम्मीद नहीं है कि वह सही ढंग से डिक्टेशन प्राप्त करेगी.. वह स्पष्ट रूप से गलत है!श एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, श्गलत। मेरे हिसाब से उसके पास आवधिक फिल्मों के लिए चेहरा नहीं है।बचाव में उतरे फैंस सहमति जताते हुए, एक नेटिजन ने कहा, श्यह थोड़ा विवादास्पद लगता है, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी

# फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना ऐ मेरे वतन.... रिलीज, 24 जनवरी को सिनेमा घरों देगी दस्तक

अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया है और गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती है।प्रशंसक तो यही कयास लगाए रहे हैं। खुद अक्षय को भी अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं।पिछले दिनों फिल्म का गाना रंग रिलीज हुआ था और अब इसका नया गाना ऐ मेरे वतन के लोगों रिलीज हो गया है।अक्षय ने गाने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, देश के लिए शहीद हुए हमारे वीर जवानो को विनम्र श्रद्धांजलि।गाने में अक्षय और वीर पहाड़िया देशभक्ति के रंगे में डूबे हुए हैं, वहीं लता मंगेशकर की आवाज तो पहले ही इस गीत को



अमर कर चुकी है।स्काई फोर्स में अक्षय के साथ सारा अली खान और निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।यह फिल्म 24 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी।स्काई फोर्स में अक्षय कुमार एक वायुसेना अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आई। फिल्म का ट्रेलर 5 जनवरी को रिलीज किया जा चुका है। यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की कहानी है। इसमें साल 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर हुए जवाबी हमले को दिखाया गया है।

# करिश्मा तन्ना ने एथनिक आउटफिट पहन फैंस के बीच बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हाटनेस देख फैंस खो बैठे होश

टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा सुंदर और स्टनिंग नजर आ रही हैं।

करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉटनेस इंटरनेट का पारा हाई कर देती हैं। उनका किलर और ग्लैमरस अवतार देखकर अक्सर फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में करिश्मा तन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने इंडो–वेस्टर्न लुक में रेड ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी स्टाइल में लुक कर के, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर लाइक्स किया है। वहीं, कुछ यूजर्स गॉर्जियस, वाओ, चार्मिंग, सो ब्यूटिफुल कॉमेंट्स कर के लिख रहे हैं।

करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



# अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुलभूषण पाडेय ने पर्चा लिया वापस

## दुद्धी बार चुनाव-सचिव पद पर होगा सीधा मुकाबला

दुद्धी, सोनभद्र(आरएनएस )। दुद्धी बार एसोसिएशन वर्ष 2025 की कार्यकारिणी चुनाव के पर्चा वापसी एवं जाँच के बाद सभी पर्चे वैध पाए गए है। मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहें कुलभूषण पाण्डेय ने वरिष्ठ का सम्मान करते हुए अपना नामांकन पत्र वापस लेकर प्रेमचंद यादव का समर्थन कर दिया है। कुलभूषण पाण्डेय के समर्थन और पर्चा वापसी के बाद अध्यक्ष पद प्रेमचंद यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए कुलभूषण पाण्डेय का समर्थन मिलने पर प्रेमचंद यादव ने आभार जताया और कहा कि अध्यक्ष हम नही बल्कि कुलभूषण पाण्डेय ही है, क्योंकि हमें आप सब की सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हित के लिए दुद्धी बार एसोसिएशन सदैव समर्पित रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन पत्रों की जाँच की गई जिसमें सभी पर्चे वैध पाए गए।अध्यक्ष पद से कुलभूषण पांडेय ने अपना पर्चा वापस लेकर प्रेमचंद यादव का समर्थन कर दिया गया है, इसलिए अध्यक्ष पद पर प्रेमचंद यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। उन्होंने बताया कि अब सिर्फ सचिव पद के लिए चुनाव होंगे। सचिव पद हेतु दिनेश कुमार और राकेश कुमार के बीच मुकाबला होगा। सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार सिंह, रामदुलारे गुप्ता, अरुणोदय जौहरी व कृष्ण देव ने संयुक्त रूप से बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए विपिन बिहारी,उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए दुबेश प्रकाश और राम सागर,उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर हेतु प्रदीप कुमार व कृष्णा नन्द तिवारी,कोषाध्यक्ष पद हेतु राजेश रंजन जौहरी,सह सचिव पुस्तकालय पद हेतु बैजनाथ यादव, सह सचिव प्रशासन पीयूष कुमार तथा सह सचिव प्रकाशन एम जे अहमद गवर्निंग काउंसिल 15 वर्ष से ऊपर सदस्य पद के लिए सन्नो बानो एवं मनोज कुमार यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है. उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को पूर्वाहन 11रू00 से 3रू30 तक सचिव पद के लिए मतदान होगा, जिसमें 218 अधिवक्ता मतदाता मतदान करेंगे।मतदान के तत्पश्चात मतों की गिनती के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराई, युवक की मौत

बभनी(सोनभद्र)।(आरएनएस ) बभनी-चौना संपर्क मार्ग पर कस्तूरबा विद्यालय के समीप सोमवार की रात करीब आठ बजे बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गई जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। प्रीतम 23 पुत्र रामप्यारे शर्मा निवासी सुकरौन टोला बभनी की सोमवार की रात मौत हो गई।मौत की खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया। प्रीतम बभनी बाजार से अपने घर जा रहा था। कस्तूरबा विद्यालय के समीप बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली थी और सामने से कोई गाड़ी आ रही थी। बिजली की लाइट चमकने से वह सीधे ट्राली से टकरा गया।तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। तत्काल उसे बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिछले वर्ष अभी मृतक की शादी हुई थी,अभी शादी के एक वर्ष ही हुए कि मांग का सिंदूर उजड़ गया। बेटे की मौत से आहत मां पुष्पा देवी और पति की मौत के वियोग में पत्नी खुशबू का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पास पड़ोस के लोगों द्वारा उन्हें किसी तरह से ढांढस दिलाया जा रहा है।

पिता रामप्यारे शर्मा के मुंह से आवाज नहीं निकल रही है मानो वह बेजुबान हो चुके हैं।सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक शिववचन यादव ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक

# डूडा द्वारा कराये जा रहे मरम्मत कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

सोनभद्र(आरएनएस )। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने मंगलवार को मेन रोड कलेक्ट्रेट गेट का परियोजना निदेशक डूडा द्वारा कराये जा रहे मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में तेजी लाया जाये, मरम्मत कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री बेहतर गुणवत्तायुक्त हो, जिससे इसकी मजबूती भविष्य में भी बनी रहें तथा बार-बार-खराब होने जैसी समस्या उत्पन्न न होने पायें, इसका विशेष ध्यान रखा जायें। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि गेट के आगे बनी दिवाल पर बेहतर तरीके से टाईल्स लगाया जाये, जिससे इसकी सुन्दर भी बनी रहें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व आवासीय परिसर में जलापूर्ति हेतु स्थापित पम्प हाउस का का आकस्मिक निरीक्षण, कर स्थिति का जायजा लिये। पम्प हाउस तथा पानी सप्लाई के बारे में उपस्थित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त किये और जिम्मेदारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पम्प हाउस में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, सप्लाई होने वाले जलापूर्ति के पम्प हाउस व टैंकों की सफाई का कार्य समय से किया जाये, इस कार्य में लापरवाही न बरती जायें।

# एनसीएल ने डीएवी विद्यालय को सौंपे वर्चुअल रियल्टी डिवाइस

सिंगरौली(सोनभद्र)(आरएनएस )।एनसीएल की खड़िया परियोजना ने सीएसआर के तहत छात्रों को इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी विद्यालय, खड़िया को 2 वर्चुअल रियल्टी डिवाइस प्रदान किए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक (खड़िया) मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्चुअल रियल्टी डिवाइस के प्रयोग से छात्रों की ध्यान अवधि और विषय ज्ञान में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त उन्होने भविष्य में भी ऐसे ही सकारात्मक प्रयास निरंतर करते रहने का आश्वशन दिया।एनसीएल खड़िया द्वारा वितरित इस नवाचारी सुविधा का लाभ डीएवी खड़िया के विद्यार्थियों सहित क्षेत्र के अन्य विद्यार्थी ले पाएंगे। इस यंत्र के माध्यम से कक्षा नौवीं तथा दसवीं के छात्र विज्ञान तथा गणित के प्रयोगों का वास्तविक अनुभव ले कर सरलता से समझ सकेंगे। इसके अतिरिक्त आभासी वास्तविकता के माध्यम से छात्र किसी भी चीज का व्यावहारिक अनुभव लेने में सक्षम होंगे जिस से उन्हें जटिल विषयों को समझने में आसानी होगी। .

# वित्तीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

करमा(सोनभद्र)(आरएनएस )। स्थनीय विकासखंड अंतर्गत पुरखास एवं खुटहनिया गाव में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित आरोह फाउंडेशन द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। वित्तीय सलाहकार रोहित त्रिपाठी ने बताया कि आज वर्तमान समय में ऑनलाइन फ्रॉड बहुत तेजी से हो रहे हैं जिससे सावधान व सतर्क रहने की जरूरत है। कभी भी किसी के द्वारा बताए गए लालच में न पड़े और किसी अपरिचित के कहने पर आधार नंबर, खाता संख्या पैन नंबर, ओटीपी शेयर न करें नहीं तो आपका खाता किसी भी समय खाली हो सकता है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन खाते जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी साथ ही किसी तरह की वित्तीय समस्या होने पर तुरंत नजदीकी बैंक से संपर्क करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कर्पूरी ठाकुर पार्क और मूर्ति स्थापित कराने की मांग

## ओबीसी मोर्चा ने सहमति पत्र के साथ सौंपा ज्ञापन

बस्ती । मंगलवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के मण्डल महासचिव ठाकुर प्रेम नन्दवंशी के नेतृत्व में अनेक संगठनों, राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि बस्ती जिला मुख्यालय पर भारत रत्न बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर पार्क और उनकी मूर्ति स्थापित कराया जाय।ज्ञापन के साथ सांसद राम प्रसाद चौधरी, अपना दल एस के शिव कुमार चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रभात कुमार गौतम, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मनोज कुमार राजभर, निषाद पार्टी से संदीप कुमार निषाद, आजाद समाज पार्टी के मेराज अहमद, सरदार सेना के वृजेश पटेल, भारत मुक्ति मोर्चा से आर.के. आरटियन, एआईएमसीईए से आलोक ठाकुर, राष्ट्रीय किसान मोर्चा से सुग्रीव प्रसाद चौधरी, बहुजन मुक्ति पार्टी से बुद्धेश राना, भीम आर्मी जय भीम से विक्रम गौतम आदि द्वारा दिया गया सहमति पत्र भी सौंपा गया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के मण्डल महासचिव ठाकुर प्रेम नन्दवंशी ने ज्ञापन देने के बाद बताया कि भारत रत्न बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर पार्क और प्रतिमा स्थापना कराने को लेकर निरन्तर प्रयास किया जा रहा है किन्तु प्रशासनिक स्तर पर अभी कोई अपेक्षित सफलता नहीं मिल पायी है। कहा कि जब तक पार्क और प्रतिमा का निर्माण नहीं हो जाता चरणबद्ध ढंग से प्रयास जारी रहेगा।ज्ञापन देने वालों में राम सुमेर यादव, कृपाशंकर, दुर्गेश चौधरी, ओंकार शर्मा, उमाशंकर शर्मा आदि शामिल रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

बस्ती राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता प्रशिक्षण का आयोजन यातायात कार्यालय बड़ेवन पर किया गया। इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए। सड़क पर दो पहिया वाहन हेलमेट लगाकर चलाना चाहिए। सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। रात में वाहन चलाते समय लाइट का उपयोग करना, मोड़ पर साइड इंडिकेटर का उपयोग करना, अधिक स्पीड नहीं चलने आदि बिंदुओं पर जानकारी दी। बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले बाइक चालकों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस की बाइक चलाने वाले लोगों को यातायात नियमों के तहत चालान काटे जा रहे हैं। कम उम्र के बच्चों को बाइक चलाते हुए पकड़े जाने पर उनके स्वजन से जुर्माने की राशि वसूलते आवश्यक कार्रवाई भी जाएगी। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र माय भारत की ओर से यातायात सभागार में नेहरू युवा मण्डल से जुड़े प्रतिभागियों को यातायात नियमों की ट्रेनिंग दी गई। जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने बताया कि 17 से 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान विभिन्न चरणों में चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद नेहरू युवा मण्डल की ओर ने बड़ेवन चौराहे पर लोगों को यातायात के लिए जागरूक भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओम प्रकाश मिश्र, जर्नलिस्ट राकेश गिरी , मो. आरिफ, मनोरमा चौधरी, परवेज अहमद, अरूण कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

# डा.अमजद खान ने एफएमजी परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का मान

बस्ती। महसो कस्बे के पठान टोला निवासी डाक्टर मोहम्मद अमजद खान ने एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद प्रथम प्रयास में ही फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन की परीक्षा 180 अंक पाकर उत्तीर्ण कर जिले का मान बढ़ाया है। डॉक्टर मोहम्मद अमजद खान ने प्राथमिक शिक्षा महसो मॉडर्न स्कूल एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा इंडियन पब्लिक स्कूल बस्ती से किया। इसके बाद एमबीबीएस की पढ़ाई नॉर्दर्न स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से पूरी की। डाक्टर मोहम्मद अमजद खान ने इस मुकाम को हासिल करने में खान मेडिकल स्टोर और अपने पिता अकबर अली खान, भाई अफजल खान और परिजनों को श्रेय दिया है। वे चिकित्सक के रूप में मानव सेवा करना चाहते हैं। बताया कि यदि इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# धायलों को स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवाया

डाला(सोनभद्र)(आरएनएस )। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के डाला चढाई स्थित ट्रक यार्ड में मंगलवार की दोपहर सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता संदेश देकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरटीओ प्रसासन धनवीर यादव व अध्यक्षता सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड संदीप हिवारेकर ने किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि अल्ट्राटेक एक मात्र कंपनी है जिन्होंने ने सड़क दुर्घटना को रोकने के सार्थक प्रयास करती है। सड़क दुर्घटना को मानवीय जागरुकता से समाप्त किया जा सकता है। दुर्घटनाओं को रोकने को लिया सरकार कटिबद्ध है। सीट बेल्ट लगाएं,नींद आ रही है तो रुके,किसी चढाई को चढ़ते वक्त जिस वाहन को गेयर मे चढे और ढाल तो उसी गेयर मे उतारें। टायर को गर्म न होने दें, चालक देश के विकास में आर्थिक योगदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि आरटीओ सचल दल प्रभारी राजेश्वर यादव ने कहा कि हमारा जीवन अभ्यास पर चलता है जिसमें हम चेतना और प्रयास करके घटनाओं को रोक सकते हैं, टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल वाहन को चलाते समय न करें। आरआई आलोक यादव व यातायात प्रभारी अविनाश चंद्र सिंह ने सयुंक्त रुप से बताया कि सोनभद्र में एक साल के भीतर 384 सड़क दुर्घटना में 272 लोगों की मौत हुई है। हैवी वैकिल्स को स्पीड लिमट के भीतर ही चलाएं,प्रेशर हार्न न लगाएं साथ ही परिवहन विभाग के सभी आनलाइन सुविधाओं की समस्त जानकारी दिया।सुरक्षा को देखते हुए 26जनवरी से जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल की सूविधा चालू हो जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूनिट हेड संदीप हिवरेकर ने सड़क सुरक्षा सप्ताह होने वाली सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया कि किसी भी क्षेत्र में सुरक्षा बिना कुछ भी संभव नहीं है। सड़क सुरक्षा के सभी नियमों पर लगातार काम किया जा रहा है, सड़क महामारी कोविड महामारी से भी ज्यादा खतरनाक है, इसका ध्यान रखते हुए वाहन चलाये। सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए नाटक मंच और जागरूकता शपथ दिलाया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह में बेहतर ट्रान्सपोर्टर,मालिक, मैनेजर समेत चालकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान टेक्निकल हेड दीपक जोशी, लॉजिस्टिक हेड प्रवीण सिंह,एडमिन हेड बी.सिंह राठौड़,सेफ्टी हेड राजाराम चौधरी,दिनेश यादव, ट्रान्पोर्टर संतोष चौबे, मनोज पाठक, शिव कुमार समेत सैकड़ों ट्रक चालक मौजूद रहे।

# जी0एस0टी0ब्याज व अर्थदण्ड माफी योजना का ब्यापारी लाभ उठाये-सहायक आयुक्त राज्य कर

सोनभद्र।(आरएनएस ) सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर सोनभद्र मनीष श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशानुसार राज्य कर विभाग उ0प्र0 द्वारा भारत सरकार की जी0एस0टी0 ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ करने सम्बन्धी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ सभी ब्यापारी एवं सेवा प्रदातााअें तथा लघु छोटे, मध्य एवं बडे उद्योग उद्यमी उठा सकते है। यह योजना ब्यापारियों को राहत देने के लिए चलाई जा रही है उ0प्र0 में कार्यरत ब्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं को ब्याज में छूट देने सम्बन्धी प्राविधान के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के बकाया माल एवं सेवा कर को जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ किया जा रहा है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक लागू है। सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर द्वारा इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अग्रह किया गया है। उक्त योजना की जानकारी के लिए करदाता राज्य कर विभाग के स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है। ब्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं के हित के लिए राज्य कर कार्यालय सोनभद्र मनीष श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त (प्रशासन) द्वारा जिले के समस्त कर दाताओं से अपील की जा रही है कि उक्त योजना सरकार द्वारा ब्यापारियों को राहत प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है, ब्यापारी अधिकाधिक उक्त योजना का लाभ उठायें।

# श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन में भागवत कथा का आयोजन

बस्ती । श्री बाबा झुंगीनाथ धाम में 7 दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से आचार्य देवर्षि त्रिपाठी ने कहा कि बिना ईश्वर के संसार अपूर्ण है। परमात्मा श्रीकृष्ण परिपूर्ण आनन्द स्वरूप है। भागवत शास्त्र का आदर्श दिव्य है। गोपियों ने घर नहीं छोड़ा, स्वधर्म का त्याग नहीं किया फिर भी वे श्रीभगवान को प्राप्त करने में सफल रहीं। महात्मा जी ने कहा कि दुःख में जो साथ दे वह ईश्वर और सुख में साथ देना वाला जीव है। श्रीकृष्ण की वन्दना से पाप जलते हैं।

महात्मा जी ने कहा कि भागवत मनुष्य को निर्भय बनाता है। मनुष्य ईश्वर का भय नहीं रखता इसीलिये दुःखी है। भागवत के भगवान इतने सरल हैं कि वे सबके साथ बोलने को तत्पर है किन्तु अपने स्वार्थो में लिपटा हुआ जीव तो जगत के स्वामी की भी उपेक्षा कर देता है। महात्मा सन्तोष शुक्ल ने कहा कि सात दिन के भीतर परीक्षित को मुक्ति मिली। निश्चित था कि ठीक सातवे दिन उनका काल आने वाला है किन्तु हम काल को भूल जाते हैं। वक्ता शुकदेव जी जैसा अवधूत और श्रोता परीक्षित जैसा अधिकारी हो तो मुक्ति मिल जाती है।कथा महिमा का वर्णन करते हुये महात्मा जी ने कहा कि भागवत कथा का आनन्द ब्रम्हानन्द से भी श्रेष्ठ है। योगी तो केवल अपना उद्धार करता है किन्तु सतसंगी साथ में आये सभी का उद्धार करते हैं।श्रीराम कथा में मुख्य यजमान संयोजक ध्रुवचन्द्र पाठक, मुख्य यजमान गुरू प्रसाद गुप्ता, शिवमूरत यादव, रामसुन्दर, उदयनरायन पाठक, ओम प्रकाश पाठक, परमात्मा सिंह, अनिल पाठक, मनोज विश्वकर्मा, नरेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, त्रियुगी नारायण त्रिपाठी, हृदयराम गुप्ता, पिन्टू मिश्रा, बब्लू उपाध्याय, रामसेवक गौड़, उर्मिला त्रिपाठी, बीरेन्द्र ओझा , अमरजीत सिंह , शुभम पाठक , राम बहोरे , उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित रहे।

# दुबौलिया थानाक्षेत्र में फौजी के घर घुसकर हमला

## दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू

बस्ती दुबौलिया,थानाक्षेत्र के दुबहिया गांव में फौजी के घर पर उसके रिश्तदारों की ओर हमला करने की घटना सामने आई है। फोजी के स्वजन के मुताबिक दो वाहनों पर सवार होकर आए। आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुस कर मारपीट की। मां-बेटी का मोबाइल छीन कर बाहर से दरवाजा बंद कर भाग निकले। बीएसएफ जवान रामजी दूबे ने वीडियो के माध्यम से इंटरनेट मीडिया पर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया की बेटे के ससुराल पक्ष के लोग आए थे। बहू को मायके ले जाने में कहासुनी के बाद मारपीट हुई है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष की तहरीर की भी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। दुबहिया गांव निवासी रामजी दूबे त्रिपुरा में बीएसएफ एसआई के पोस्ट पर तैनात हैं। इनकी पत्नी मीना दूबे ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरी पुत्रवधु का भाई विजय अपने भाई के विवाह के लिए मेरी बेटी से रिश्ते का प्रस्ताव दिया था, समाज को देखते हुए उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देने के कारण मेरी पुत्रवधू दीपिका द्वारा फर्जी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में फंसा देने की धमकी दिया करते थे। इसी बात को लेकर सोमवार को करीब तीन बजे संतकबीरनगर जिले के महुली थानाक्षेत्र के भिटनी गांव निवासी विजय पांडेय व उनके साथ आए लोगों ने

मेरी बेटी सुष्मिता व मुझे लात घूंसे से मारने लगे। डायल 112 पर जैसे फोन करने के लिए मोबाइल लिया तभी उन लोगों ने मेरा और बेटी का मोबाइल छीन लिया और मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म: मां ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

बस्ती । सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म, वीडियो बनाने, इण्टरनेट पर डाल देने की धमकी देने के मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर सोनहा थाना क्षेत्र के खाजेपुर मचनहिया निवासी रंजीत और सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के राजकुमार पुत्र अज्ञात के विरूद्ध कार्रवाई और धन, जेवर की वापसी, पीड़ित परिवार के जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाया है।एसपी को दिये पत्र में पीड़िता की मां ने कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ गलत काम किया गया और जेवर, 50 हजार रूपया भी राजकुमार डकार गया। सोनहा थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद राजकुमार और रंजीत लगातार धमकियां दे रहे हैं और खाजेपुर मचनहिया निवासी ग्राम प्रधान राजेश लगातार उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उसके परिवार के जान माल की सुरक्षा उपलब्ध कराया जाय। पीड़िता को डरा धमका कर बयान दिलाने के मामले में नये सिरे से विवेचक को बदलकर बयान कराया जाय।

# श्रीकृष्ण की वन्दना से पाप जलते हैं

## श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन, भागवत कथा

बस्ती । श्री बाबा झुंगीनाथ धाम में 7 दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से आचार्य देवर्षि त्रिपाठी ने कहा कि बिना ईश्वर के संसार अपूर्ण है। परमात्मा श्रीकृष्ण परिपूर्ण आनन्द स्वरूप है। भागवत शास्त्र का आदर्श दिव्य है। गोपियों ने घर नहीं छोड़ा, स्वधर्म का त्याग नहीं किया फिर भी वे श्रीभगवान को प्राप्त करने में सफल रहीं। महात्मा जी ने कहा कि दुःख में जो साथ दे वह ईश्वर और सुख में साथ देना वाला जीव है। श्रीकृष्ण की वन्दना से पाप जलते हैं।

महात्मा जी ने कहा कि भागवत मनुष्य को निर्भय बनाता है। मनुष्य ईश्वर का भय नहीं रखता इसीलिये दुःखी है। भागवत के भगवान इतने सरल हैं कि वे सबके साथ बोलने को तत्पर है किन्तु अपने स्वार्थो में लिपटा हुआ जीव तो जगत के स्वामी की भी उपेक्षा कर देता है। महात्मा सन्तोष शुक्ल ने कहा कि सात दिन के भीतर परीक्षित को मुक्ति मिली। निश्चित था कि ठीक सातवे दिन उनका काल आने वाला है किन्तु हम काल को भूल जाते हैं। वक्ता शुकदेव जी जैसा अवधूत और श्रोता परीक्षित जैसा अधिकारी हो तो मुक्ति मिल जाती है।

कथा महिमा का वर्णन करते हुये महात्मा जी ने कहा कि भागवत कथा का आनन्द ब्रम्हानन्द से भी श्रेष्ठ है। योगी तो केवल अपना उद्धार करता है किन्तु सतसंगी साथ में आये सभी का उद्धार करते हैं।

श्रीराम कथा में मुख्य यजमान संयोजक ध्रुवचन्द्र पाठक, मुख्य यजमान गुरू प्रसाद गुप्ता, शिवमूरत यादव, रामसुन्दर, उदयनरायन पाठक, ओम प्रकाश पाठक, परमात्मा सिंह, अनिल पाठक, मनोज विश्वकर्मा, नरेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, त्रियुगी नारायण त्रिपाठी, हृदयराम गुप्ता, पिन्टू मिश्रा, बब्लू उपाध्याय, रामसेवक गौड़, उर्मिला त्रिपाठी, बीरेन्द्र ओझा , अमरजीत सिंह , शुभम पाठक , राम बहोरे , उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित रहे।

# एएसपी ने महिला संबंधित लंबित विवेचना पर जताई नाराजगी

बस्ती एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों को विवेचक पूरी गंभीरता से लें। लंबित पड़ी विवेचनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरी कर लें। महिला अपराध संबंधी सूचना मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल आरोपित को गिरफ्तार करें। इन अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में पैरवी करें। लंबित पड़ी बीस विवेचनाओं को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि शीघ्र ही लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करें। एएसपी ने कहा कि महिला अपराध के मामलों की लखनऊ से सीधी मानीटरिंग की जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक-शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।